



# तरुण छत्तीसगढ़

e-Paper- tarunchhattisgarhkorba.com

कोरबा एवं रायपुर से एक साथ प्रकाशित डाक पंजीयन क्रमांक- जी2-112/सी.जी/बीएलपी/003/2024-2026

वर्ष 35 अंक 240 | कोरबा, शुक्रवार , दिनांक 31 मई 2024 डाक 01 जून 2024 | पृष्ठ : 8 मूल्य 2.00 रुपए



सुनालिया ज्वेलर्स
हीरा, स्वर्ण, हॉलमार्क ज्वेलरी, रजत, राशि नग के विक्रेता
मो. 94255-32524,94241-43922
पावर हाउस रोड, कोरबा


**विविधा**

भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने जल संकट के मुद्दे पर दिल्ली की मंत्री आतिशी सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया



**देश-विदेश**

पीएम मोदी की ध्यान-साधना के पीछे क्या ये है असल वजह, विपक्ष के नेताओं ने किया बड़ा दावा



**कोरिया जिला**

दो संदिग्ध मौत से नाराज लोगों ने एनएच पर किया जाम



## फरार चल रहे आप विधायक अमानतुल्लाह खान की बढ़ीं मुश्किलें, विधायक समेत तीन के खिलाफ कुर्की की तैयारी

**नोएडा।** नोएडा में पंप कर्मियों पर जानलेवा हमला, लूट का प्रयास और एससी/एसटी समेत कई आरोपों में गिरफ्तारी से बच रहे दिल्ली के आप विधायक अमानतुल्लाह पर पुलिस ने शिकंजा कस दिया है। फरार चल रहे विधायक, उनके पुत्र अनस और अबु बकर के खिलाफ कुर्की की तैयारी चल रही है। कोर्ट ने कुर्की की कार्रवाई से पूर्व नोटिस जारी करने के आदेश दिए हैं।वहीं जिला कोर्ट से अंतरिम जमानत याचिका खारिज होने के बाद अमानतुल्लाह ने उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। दिल्ली की ओखला सीट से आम आदमी पार्टी के विधायक अमानतुल्लाह खान और उनके पुत्र समेत अन्य लोगों के खिलाफ कोतवाली फेज-वन में मुकदमा दर्ज हुआ था।आरोप है कि सेक्टर-95 स्थित शहीद रामेंद्र प्रताप सिंह के फिलिंग स्टेशन पर 7 मई की सुबह विधायक का बेटा अनस अपनी कार लेकर पहुंचा। उसने लाइन में न लगकर बोला कि आगे वाली गाड़ी को आगे बढ़ाकर मेरे गाड़ी में पहले तेल भर दो।इस पर सेल्समैन ने कहा कि आप लाइन में हैं अभी आपकी गाड़ी में तेल भर जाएगा।

इसी दौरान अनस और उसकी कार में बैठे अन्य लड़कों ने मारपीट की। इसके बाद अमानतुल्लाह खान खुद पहुंचे और मैनेजर को धमकाया। इस घटना के वीडियो सीसीटीवी कैमरों में कैद हो गए और इंटरनेट मीडिया पर प्रसारित हो गए। इस मामले में पुलिस ने विधायक अमानतुल्लाह खान के मैनेजर इकरार अहमद को गिरफ्तार कर लिया था।

# जानलेवा साबित हो रही प्रचंड लू

## यूपी-बिहार में 200 से ज्यादा लोगों की मौत, ओडिशा में एक दिन में 19 ने तोड़ा दम

**नईदिल्ली, 31 मई [एजेंसी]।**

देशभर में बीते कई दिनों से भीषण गर्मी और लू का कहर जारी है। इस बीच नौतपा में बढ़ते तापमान ने सांसों पर संकट खड़ा कर दिया है। लू के कारण देश में दो सौ से अधिक लोगों की मौत हो चुकी है। बिहार में प्रचंड गर्मी भीषण लू आपदा बनकर टूटी है। यहां 12 जिलों में 65 लोगों की मौत हुई है, जबकि प्रदेश के विभिन्न अस्पतालों में ढाई सौ से अधिक लोग भर्ती हैं। भोजपुर रोहतास और औरंगाबाद में स्थिति और भी खराब है। पटना समेत पूरा बिहार गर्मी की मार से झुलस रहा है। वहीं, उत्तर प्रदेश में भी भीषण लू और अत्याधिक गर्मी के कारण 160 से अधिक लोगों की जान चली गई। यूपी में सबसे अधिक 72 मौतें वाराणसी और इसके




आसपास के इलाकों में हुईं है। 47 लोगों की मृत्यु बुंदेलखंड और कानपुर मंडल में हुई है। यहां महोबा में 14 लोगों की जान चली गई, हमीरपुर में 13 लोगों की मौत की खबर सामने आई है, बांदा में पांच ने दम तोड़ा है। इसके अलावा कानपुर में चार, चित्रकूट में दो लोगों की मौत की जानकारी सामने आई है। वहीं, फर्रुखाबाद, जालौन और हरदोई में तीन लोगों की मौत हुई है। इसके अलावा, प्रयागराज में 11 लोगों ने लू की चपेट में आकर दम तोड़ दिया, झांसी में 6, अंबेडकरनगर में 4, कौशांबी में नौ, गाजियाबाद में एक नवजात शिशु समेत 4, गोरखपुर और आगरा में तीन, प्रतापगढ़, रामपुर, लखीमपुर, शाहजहांपुर और पीलीभीत में कुल पांच लोगों की मौत हो गई।

लखनऊ में गुरुवार 30 मई को गर्मी ने 29 साल पुराना रिकॉर्ड तोड़ दिया। यहां अधिकतम तापमान 45.1 डिग्री सेल्सियस पहुंच गया। इससे पहले 31 मई 1995 को अधिकतम तापमान 46.5 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया था। इस साल अब तक राजस?थान का फलोदी सबसे गर्म इलाका रहा। यहां 50 डिग्री सेल्सियस के अधिक तापमान दर्ज किया गया।

## गैंगस्टर हिमांशु भाऊ का करीबी गुर्गा साहिल यूएस से गिरफ्तार रेड कॉर्नर नोटिस से लेकर एनआईए तक ने रखा था इनाम



**नईदिल्ली, 31 मई [एजेंसी]।**

गैंगस्टर हिमांशु भाऊ के करीबी करीबी बदमाश साहिल को सुरक्षा एजेंसियों ने अमेरिका से हिरासत में ले लिया है। सुरक्षा एजेंसियों से मिली जानकारी के मुताबिक साहिल के खिलाफ इंटरपोल से रेड कॉर्नर नोटिस भी जारी हुआ था। इसके साथ ही राष्ट्रीय जांच एजेंसी ने हाल में साहिल पर इनाम भी रखा था। भारत की सुरक्षा एजेंसियां लगातार साहिल के डिटेन होने की खबर के बाद यूएस की एजेंसियों पर नजर बनाए हुए हैं।

हरियाणा के रोहतक का रहने वाला साहिल लंबे वक्त से हिमांशु भाऊ के साथ यूएस में रहता है और वहीं से सिंडिकेट चलाता था। सुरक्षा एजेंसियों के अनुसार गैंगस्टर साहिल ने पासपोर्ट पाने के लिए धोखाधड़ी से फर्जी पते और फर्जी पहचान दस्तावेजों का इस्तेमाल किया था और फिर विदेश भाग गया था। जांच के दौरान यह बात भी सामने आई है कि साहिल ने पासपोर्ट में जो पता दिया गया है, वहां साहिल कुमार नाम का कोई शख्स रहता ही नहीं है और ना ही पासपोर्ट में दी गई तस्वीर से मिलता-जुलता शख्स वहां कभी रहा।

# जम्मू-कश्मीर के पुंछ में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़

**जम्मू, 31 मई [एजेंसी]।**

जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले में सुरक्षाबलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ हुई है। अधिकारियों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि कुछ देर चली यह मुठभेड़ कल देर रात पुंछ जिले के मारहा बुफलियाज इलाके में हुई। एक अधिकारी ने कहा, कल देर रात सुरक्षाबलों को इलाके में आतंकवादियों की मौजूदगी के बारे में खुफिया जानकारी मिली थी।

पुलिस और सेना ने डेरा की गली के पास मारहा बुफलियाज इलाके में तलाशी अभियान शुरू किया। ऑपरेशन के दौरान छिपे हुए आतंकवादियों ने सुरक्षाबलों पर गोलीबारी कर दी जिससे कुछ देर तक दोनों पक्षों के बीच मुठभेड़ हुई। हालांकि कुछ देर बाद आतंकवादी अंधेरे का फायदा उठाकर मौके से भाग गये। अधिकारी ने कहा, आतंकवादियों की तलाश में तलाशी अभियान शुरू कर दिया गया है।

## आजम खान की अभी और बढ़ेंगी मुश्किलें, किसानों की जमीनें कब्जाने के मामलों में छह जून को होगी सुनवाई



**रामपुर 31 मई।** आलियागंज के किसानों की जमीनें कब्जा कर जौहर यूनिवर्सिटी में मिलाने के मामलों में सपा नेता आजम खान समेत 12 लोगों पर आरोप तय हो चुके हैं। गुरुवार से गवाही की प्रक्रिया आरंभ होनी थी, लेकिन सुनवाई नहीं हो सकी। न्यायालय ने अगली सुनवाई के लिए छह जून निर्धारित की है। इन मुकदमों में आजम खान के अतिरिक्त पत्नी पूर्व सांसद डॉ. तजीन फात्मा, उनके बड़े बेटे अदीब, छोटे बेटे पूर्व विधायक अब्दुल्ला, बहन निकहत अखलाक, चमरौआ के विधायक नसीर खां, सेवानिवृत्त सीओ आले हसन खां, तत्कालीन अजीमनगर थाना प्रभारी कुशलवीर सिंह, लेखपाल आंनदवीर सिंह, जकी उर रहमान सिद्दीकी, मुश्ताक अहमद सिद्दीकी और फसीह जैदी आरोपित बनाए गए हैं।

# कारोबारी के ठिकानों में दी दबिश




**रायपुर, 31 मई [एजेंसी]।**

सवा सौ करोड़ के कस्टम मिलिंग प्रोत्साहन घोटाले मामले में ईडी ने प्रदेश में 5 ठिकानों पर दबिश दी है। यह जांच कल से चल रही। इनमें 2 दुर्ग 2 रायपुर और 1 खरोरा शामिल हैं। राइस कारोबारी और छग प्रदेश राइस एसो. के पूर्व महासचिव प्रमोद अग्रवाल को भी घेरा है। उसके राइस मिल , ऑफिस और निवास पर जांच चल रही है। कारोबारी प्रमोद अग्रवाल के 2 खरोरा और 1 रायपुर स्थित ठिकाने शामिल हैं। दुर्ग में एक कारोबारी के 2 ठिकाने जो मार्कफेड के पूर्व एमडी मनोज सोनी से जुड़े है। ईडी द्वारा गिरफ्तार रोशन चंद्राकर सड्डे पूछताछ में मिले क्लू के बाद यह कार्यवाही की गई है। अवैध कोल परिवहन केस में ईओडब्ल्यू ने पहले से ही जेल में बंद निलंबित ढ्ढस् समीर विश्नोई और कारोबारी सूर्यकांत तिवारी को गिरफ्तार किया है। दोनों से पूछताछ के लिए कोर्ट से रिमांड मांगी गई थी। कोर्ट से 3 जून तक दोनों की रिमांड ईओडब्ल्यू को मिली है। इन दोनों के अलावा पहले से ही निलंबित आईएएस रानू साहू और राप्रसे की अधिकारी सौम्या चौरसिया भी ईओडब्ल्यू की रिमांड पर है।

अब चारों को आमने-सामने बिठाकर पूछताछ की जाएगी। फिर सभी को एक साथ कोर्ट पेश किया जाएगा। सभी आरोपी तकरीबन डेढ़ साल से इस मामले में जेल में बंद है।

## कंटेनर ने रेलवे क्रॉसिंग पर खड़े वाहनों को मारी टक्कर, तीन की मौत



**अमेठी, 31 मई [एजेंसी]।**

लखनऊ-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग पर शुक्रवार भोर करीब तीन बजे भीषण सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई, जबकि पांच लोग घायल हो गए। हादसे के बाद बच्चों के परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल रहा। पुलिस ने तीन शवों को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। सीओ मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह ने सीएचसी जगदीशपुर पहुंचकर विधिक कार्रवाई के निर्देश दिए। सुलतानपुर जिले के बल्दीराय थाना क्षेत्र के नटौली पाराबाजार गांव के रहने वाले मो. शाजिद खान ने बताया वह लोग लखनऊ के लूलू माल गए थे। वहां से परिवार व रिश्तेदारों के साथ वापस आ रहे थे। उनके परिवार की तीन कारें क्रॉसिंग बंद होने के कारण लाइन से खड़ी थी और क्रॉसिंग खुलने का इंतजार कर रहे थे। उनकी कार सबसे पीछे व उनके ही परिवार के अख्तर खान व अफ्तार खान की गाड़ियां आगे खड़ी थी।सब लोग क्रॉसिंग खुलने का इंतजार कर रहे तभी पीछे से तेज रफ्तार कंटेनर ट्रक ने सबसे पीछे खड़ी उनकी कार में जोरदार टक्कर मार दी। कार में बैठे अदनान (11 वर्ष), फातिमा (13 वर्ष), आफरीन (14 वर्ष), फारिस उम्र (8 वर्ष) गंभीर रूप से घायल हो गए। सभी को जगदीशपुर सीएचसी ले जाया गया, जहां पर डॉक्टरों ने ने अदनान, फातिमा, आफरीन को मृत घोषित कर दिया।

हादसे में आरिफ, अख्तर खान, ताजिया खान, लारेफ खान, साजिद खान को भी हल्की फुल्की चोटें आई हैं। मृतकों का पोस्टमार्टम जगदीशपुर पुलिस ने कराया है। एसओ अभिनेष कुमार ने बताया सड़क हादसे में तीन बच्चों की मौत हो गई है।

## सोसायटी के मार्केट में लगी आग, लाखों का माल जलकर राख

**नोएडा, 31 मई [एजेंसी]।**



उत्तर प्रदेश के नोएडा में शुक्रवार तड़के पांच बजे सेक्टर-119 में बनी एक सोसायटी के मार्केट में भीषण आग लग गई। तीन दुकानें उसकी चपेट में आ गईं। बताया जा रहा है कि आग के चलते बाहर रखा सामान जलकर पूरी तरह खाक हो गया। दुकानों के अंदर भी काफी नुकसान हुआ है। मौके पर पहुंची दमकल की टीम ने आग पर काबू पा लिया है। हादसे में किसी जनहानि की सूचना नहीं है। दमकल विभाग ने बताया कि शुक्रवार को थाना सेक्टर-113 क्षेत्र के अंतर्गत सेक्टर-119 में आम्रपाली जोडिएक सोसायटी स्थित लोअर बेसमेंट की एक ग्रोसरी की दुकान के बाहर रखे सामान में शार्ट सर्किट के कारण आग लग गयी थी। आग सुबह करीब पांच बजे लगाने की सूचना मिली है। लोअर बेसमेंट में बनी अग्रवाल जनरल स्टोर की तीन दुकानें आग की चपेट में आ गईं।

मौके पर मौजूद लोगों और सिक्योरिटी गार्ड ने इसकी सूचना तुरंत दमकल विभाग को दी। उसके साथ-साथ आसपास जुटे लोगों ने खुद भी आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन देखते ही देखते आग ने विकराल रूप ले लिया और एक के बाद एक तीन दुकानों में फैल गई। आग लगने के पीछे शॉर्ट सर्किट वजह बताई जा रही है। गनीमत रही कि आग पर समय रहते काबू पा लिया गया क्योंकि दुकानों के पीछे बने रिहायशी मकान तक अगर यह आग पहुंच जाती तो घटना काफी बड़ी हो सकती थी।

## समोसे की दुकान में गैस सिलेंडर फटने से जबरदस्त विस्फोट, आग में झुलसे 6 लोग

*तिरुनेलवेली। तमिलनाडु के तिरुनेलवेली जिले में एक समोसे की दुकान में गैस सिलेंडर में विस्फोट हो गया । विस्फोट की वजह से दुकान में आग लग गई। आग में 6 लोग झुलस गए। विस्फोट की जानकारी मिलने के बाद दमकल विभाग के कर्मचारी मौके पर पहुंचे और आग पर काबू पा लिया गया।घायल हो गए। पुलिस ने जानकारी दी कि इस हादसे में 2 दुकानें जलकर खाक हो गईं। इस घटना से जुड़ा एक वीडियो भी पुलिस ने सोशल मीडिया पर शेयर किया है। वीडियो में गैस सिलेंडर फटने की वजह से हुए जोरदार धमाके को सुना जा सकता है। धमाके के बाद लोगों में अफरा तफरी मच गई। तिरुनेलवेली टाउन पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और घटना की जांच कर रही है।*



# लॉरेंस और अमन साहू गैंग का पत्र, कारोबारियों को जान से मारने की धमकी, चार शूटरों को पुलिस ने किया है गिरफ्तार


**रायपुर, 31 मई [एजेंसी]।**



पंजाबी सिंगर सिद्धू मूसेवाला की हत्या और बॉलीवुड स्टार सलमान खान के घर पर गोलियां चलवाने वाले लारेंस बिश्नोई गैंग ने मीडिया को एक मेल भेजा है। जो इंटरनेट मीडिया में प्रसारित हो रहा है।मयंक सिंह नाम के गैंगस्टर की ओर से भेजे गए इस मेल में मीडिया में चल रही रंगदारी की खबर से इनकार किया गया है और दो कंपनियों के मालिकों को खुली चुनौती दी गई है कि इनके परिवार से एक-एक सदस्य को कम कर दिया जाएगा। इधर मेल के बाद पुलिस भी अलर्ट हो गई है। कारोबारियों की सुरक्षा बढ़ा दी गई। सभी पर नजर रखी जा रही। मेल के मुताबिक कारोबारियों ने झारखंड पुलिस के साथ साजिश रची थी। साजिश के तहत गैंग के सदस्यों की गिरफ्तारी कराई थी। इस गिरफ्तारी को हम चुनौती के तौर पर लेते हैं। कहा गया है कि कंस्ट्रक्शन कंपनी के खिलाफ वारदात का प्लान है। कंस्ट्रक्शन कंपनी के मालिकों ने गैंग के लोगों को परेशान किया है। गैंग में हथियारों और शूटर की कोई कमी नहीं है। झारखंड में कारोबार करने वाला हमें दरकिनार नहीं कर सकता है। प्रदेश में दो बड़ी घटनाओं को अंजाम देने की फिराक में पहुंचे लॉरेंस विश्नोई और अमन साहू गैंग के शूटर्स पकड़े गए थे। ये दोनों रायगढ़ और रायपुर के दो कारोबारी जिनका झारखंड में कंस्ट्रक्शन और कोल का काम है, उन्हें मारने की फिराक में थे। लेकिन पुलिस ने इन्हें पहले ही पकड़ लिया।

# हूती के हमलों का अमेरिका-ब्रिटेन ने दिया करारा जवाब

## यमन में 13 ठिकानों को किया तबाह



**वाशिंगटन।** इस्राइल और हमास युद्ध के बीच यमन के हूती लड़ाके लाल सागर में आतंक फैला रहे हैं। इस बीच अमेरिका और ब्रिटेन ने यमन में 13 हूती ठिकानों पर हमला किया। दोनों देशों ने लाल सागर और अदन की खाड़ी में जहाजों पर हुए हाल के हमलों का जवाब दिया। एक अधिकारी ने नाम न छापने की शर्त पर बताया कि अमेरिकी और ब्रिटिश लड़ाकू विमानों और अमेरिकी जहाजों ने कई भूमिगत सुविधाओं, मिसाइल लॉन्चरों, कमांड और नियंत्रण स्थलों, एक हूती पोत और अन्य सुविधाओं पर हमला किया। हूती नियंत्रित क्षेत्रों में अमेरिका ने आठ मानवरहित हवाई वाहनों पर भी हमला किया। यह जहाज अमेरिका सहित अन्य देशों के लिए खतरा साबित हो सकते थे। अमेरिकी एफ/ए-18 लड़ाकू जेट विमानों ने लाल सागर में यूएसएस ड्वाइट डी. आइजनहावर विमानवाहक पोत से लॉन्च किया। युद्ध में अमेरिकी युद्धपोतों ने भी भाग लिया।

## प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विवेकानंद रॉक मेमोरियल पर ध्यान लगाया, सामने आया वीडियो



**नई दिल्ली।** पीएम नरेंद्र मोदी लोकसभा चुनाव के लिए अपने मैराथन प्रचार अभियान को समाप्त करके रॉक मेमोरियल पहुंच गए। यहां वह मौन व्रत में हैं और 1 जून की शाम तक साधना करेंगे। विपक्ष ने इसकी कवरेज करने पर रोक की मांग करते हुए चुनाव आयोग का रुख किया है। इसके अलावा भाजपा और पीएम मोदी पर भी ऐक्शन की मांग की है। हालांकि नियमों के जानकार मानते हैं कि चुनाव आयोग शायद ही इस पर ख्या करते हुए चुनाव आयोग ऐसे मामलों में ऐक्शन लेता है, उसमें ऐसे किसी प्रोग्राम पर रोक की बात नहीं है। इसके अलावा 2019 के उदाहरण को देखते हुए भी चुनाव आयोग शायद कोई ऐक्शन न ले। एक कारण यह भी है कि अलग-अलग चरणों में चुनाव होने पर यदि किसी क्षेत्र में वोटिंग हो गई है तो नेता दूसरे स्थान पर फिर भी प्रचार करते रहते हैं, जहां मतदान बाकी हो। ऐसे में पीएम मोदी जहां गए हैं, वहां मतदान नहीं है। यदि पीएम मोदी की साधना को प्रचार बताने वाले विपक्ष के तर्क को स्वीकार भी कर लिया जाए, तब भी इस नियम के तहत शायद ही चुनाव आयोग कोई ऐक्शन ले।





स्किन केयर व कास्मेटोलाजी क्लिनिक
चर्म , गुप्त, कुष्ठ रोग विशेषज्ञ एवं सैक्स सलाहकार
डॉ.आर.के.अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.FDS (Lond.)F.i.a.m.s.(Ind.)
Mob.9424170010
-: परामर्श का समय :-
सुबह 10.30 से 1.30 (शाम को बंद )
डॉ.शशि अग्रवाल
M.B.B.S.D.V.D.(U.K)
Mob.9826389894
सुविधायें:- गंजापन, मस्से हटाना, दाद खाज खुजली, एक्जीमा, एलर्जी, सड़े नाखून, कुष्ठ रोग, काले दाग, मुंहासे, बाल झड़ना, सेक्स की कमी, शीघ्र पतन, धात, मानसिक रोगों का मशीनों व अत्याधुनिक दवाओं द्वारा शीघ्र ईलाज, फोटोथेरेपी, इलेक्ट्रीशिकेशन, क्रायोसर्जरी, सायकोथेरेपी का ईलाज।
मो. 9203907928,9826389894 (क्लीनिक)
विशेष : बुधवार को 20 मरीजों का फीस माफ...
पता : एचआईजी -4 नेहरू नगर , रिकाण्डो रोड घोड़ा चौक , बुधवारी बाजार के पास, कोरबा

# बिजली आपूर्ति में बाधा को लेकर चेयरमेन ने अधिकारियों की खबर ली




कोरबा । छत्तीसगढ स्टेट पॉवर कंपनीज मुख्यालय में विगत गुरुवार को कंपनी अध्यक्ष तथा प्रदेश के ऊर्जा सचिव पी. दयानंद की बैठक की धमक रही। बिजली आपूर्ति में बाधा की शिकायतों को देखते हुए श्री दयानंद ने ट्रांसमिशन कंपनी तथा डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी के अधिकारियों को तलब किया था और कोरबा के संबंध ने भी विशेष हिदायत दी। जिन स्थानों पर आपूर्ति बहाली में निर्धारित से अधिक या गैरवाजिब समय लग रहा हैं, वहां के जिम्मेदार अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये। विभिन्न समाचार पत्रों तथा न्यूज वेब पोर्टल में बिजली की आपूर्ति में बाधा आने के बाद इसकी बहाली में लगने वाले अधिक समय को लेकर प्रकाशित समाचारों को गंभीरता से लेते हुए अध्यक्ष पी. दयानंद ने यह विशेष बैठक बुलाई थी। उन्होंने जब विस्तार से इन समस्याओं का कारण पूछा तो अधिकारियों ने बताया कि विगत 5 वर्षों में विद्युत उपकेन्द्र तथा लाईनों की स्थापना जैसे अधोसंरचना के विकास के कार्यों में बहुत रूकावट आई थी। अनेक कारणों से विद्युत विकास कार्यों में प्रगति नहीं हो पाई जिसका विपरीत असर वर्तमान समय में दिखाई पड़ रहा है। गर्मी के कारण जहां सर्वाधिक मांग दर्ज की जा रही है, उसके अनुरूप आपूर्ति की व्यवस्था की जा रही है लेकिन जिन स्थानों पर कार्य स्वीकृत है, टेंडर हो चुके है, बजट की समस्या नहीं है वहां भी उचित मानीटरिंग नहीं होने के कारण वांछित प्रगति नहीं हो पाई है।

दयानंद ने इन परिस्थितियों को गंभीरता से लेते हुए शीघ्र ही ऐसे कार्यो की सूची तलब की है। जशपुर जिले में 15 विद्युत उपकेन्द्र स्वीकृत होने के बावजूद वहां कार्य पूर्ण नहीं होने पर उन्होंने आश्चर्य एवं क्षोभ व्यक्त किया। बैठक में बताया गया कि यदि ये कार्य समय पर हो गये होते तो मौसम के कारण वर्तमान समय में जो दिक्कतें आ रही हैं उनका समाधान हो गया होता। उन्होंने विद्युत आपूर्ति में बाधा और लंबे समय तक आपूर्ति बहाल नहीं होने वाले प्रकरणों की सूची भी तलब की है ताकि जिम्मेदारी का निर्धारण किया जा सके।

बैठक में उन्होंने समाचार पत्रों में प्रकाशित खबरों के आधार पर संबंधित अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये है आगे भी बड़े पैमाने पर कारण बताओ नोटिस जारी करने सहित अनुशासनात्मक कार्यवाही के निर्देश दिये है। मांढर जिला रायपुर, मनेन्द्रगढ़, भाटापारा, कोपरा, भानुप्रतापपुर, रायगढ़, जगदलपुर, बिलासपुर विशेषकर कोरबा आदि स्थानों से आये समाचारों के आधार पर उन्होंने कार्यवाही के निर्देश दिये हैं। श्री दयानंद ने कहा है कि दोषी पाये जाने वाले अधिकारियों पर समुचित कार्यवाही की जायेगी। श्री दयानंद ने कहा कि पूर्व की अनेक विफलताओं के बावजूद भीषण गर्मी के समय में प्रदेश में विद्युत आपूर्ति को काफी हद तक बेहतर बनाये रखने के लिए अधिकारी-कर्मचारी भरसक प्रयास कर रहे है।

बैठक में प्रबंध निदेशक राजेश कुमार शुक्ला ने अनेक स्थानों पर पारेषण तथा वितरण तंत्र की मजबूती के लिए हुई अच्छी प्रगति की जानकारी भी दी तथा बताया कि आचार संहिता के कारण भी बहुत से कार्य प्रभावित हुए है जिन्हें आचार संहिता समाप्त होते ही तेजी से पूर्ण किया जायेगा। वर्ष 2024 के अंत तक अनेक कार्य पूर्ण करने की जानकारी उन्होंने दी।बैठक में भीम सिंह कंवर, कार्यपालक निदेशक (वितरण), राजेन्द्र प्रसाद, कार्यपालक निदेशक (वितरण-परियोजना), संजय पटेल, कार्यपालक निदेशक (पारेषण-परियोजना) आदि वरिष्ठ अधिकारीगण सहित अन्य उपस्थित थे।

### क्षतिग्रस्त सड़कों एवं पॉट होल्स का डामरीकरण से तत्काल मरम्मत कराएं - महापौर



कोरबा। वैसे तो नगर पालिक निगम क्षेत्र की अधिकांश मुख्य सडकों एवं कई कालोनियों की क्षतिग्रस्त सड़कों का डामरीकरण हो चुका है लेकिन अभी भी कहीं-कहीं से आंतरिक सड़कों के क्षतिग्रस्त होने की एवं उन्हें तत्काल मरम्मत कराये जाने संबंधी मांग संबंधित क्षेत्र के रहवासियों द्वारा की जाती है। उस पर संज्ञान लेते हुए महापौर राजकिशोर प्रसाद ने निगमायुक्त को पत्र के माध्यम से निर्देशित किया है कि संबंधित क्षेत्र का स्थल निरीक्षण करवाकर आवश्यकतानुसार डामरीकरण से क्षतिग्रस्त आन्तरिक सड़कों का मरम्मत करायें। इसके अतिरिक्त बहुत पहले के बनाये गये डामरीकृत सड़कों पर कई जगह बन गये पॉट होल्स का भी निरीक्षण कर तत्काल डामरीकरण से उसका मरम्मत करायें ताकि पॉट होल्स और न बढ़ सकें और सड़क दुर्घटना की संभावना भी क्षीण हो सके।

## सराइपाली खदान में उतरी सतर्कता विभाग की टीम



कोरबा। लगातार दूसरे दिन तपती धूप में एसईसीएल सतर्कता विभाग की टीम ने एसईसीएल की खदानों में पहुँचकर मानसून तैयारियों की समीक्षा की। दौरे में टीम द्वारा रायगढ़ क्षेत्र की बरौद, बिजारी एवं जामपाली, कोरबा क्षेत्र की सराइपाली, हसदेव क्षेत्र की राजनगर ओसी पहुँचकर, मानसून से जुड़ी तैयारियों का जायजा लिया।

टीम द्वारा मुख्यत- खदानों में हाल रोड, कोयला परिवहन सडक़ों की गुणवत्ता एवं आगामी मानसून को देखते हुए सडक़ों एवं डिस्पैच पॉइंट्स रखरखाव से जुड़े कार्यों का निरीक्षण किया गया। टीम ने हॉल रोड, कोयला परिवहन सडक़ और प्रेषण बिंदुओं के रखरखाव से संबंधित चल रहे सभी अनुबंधों की भी जांच की एवं वर्तमान में चल रहे कार्यों का भी निरीक्षण किया।

सतर्कता विभाग द्वारा मानसून की तैयारियों में पारदर्शिता एवं उनका बेहतर कार्यान्वयन सुनिश्चित कर मानसून के दौरान उत्पादन-उत्पादकता एवं कोयला प्रेषण को बेहतर बनाने के उद्देश्य से खदानों का निरीक्षण किया जा रहा है।

### ग्राम गिधौरी में इलाज के दौरान मृत बंदर का किया गया अंतिम संस्कार

कोरबा । कोरबा जिले के करतला विकासखंड अंतर्गत ग्राम गिधौरी में एक बंदर विगत कुछ दिनों से बीमार था जिसका उपचार पशु चिकित्सा विभाग और वन विभाग के देखरेख में चल रहा था। परन्तु उसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गई। ग्राम सरपंच, समस्त ग्रामवासी, वन विभाग टीम के सामूहिक सहयोग से मृत वानर का अंतिम संस्कार ग्राम के नीम चौक में किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

पूरे रीति-रिवाज से भजन-कीर्तन करते हुए बंदर का अंतिम संस्कार किया गया। जिस स्थान पर उसे दफनाया गया है, उस स्थान को अविस्मरणीय बनाने हेतु ग्रामवासियों द्वारा उक्त स्थान में भगवान् हनुमान का आस्था स्थल निर्माण करने सामूहिक संकल्प लिया। चूंकि बंदर को हिंदू धर्म में प्रभु हनुमान का रूप माना जाता है इसलिए उक्त स्थान पर आस्था स्थल निर्माण किया जायेगा।

इस अवसर पर ग्राम सरपंच विज्ञानी गोविंदा कंवर, साधराम रजक, दारा कंवर, राधेश्याम, पुरुषोत्तम कंवर, विजय सहित समस्त ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## रूमगरा में अतिक्रमण की बाढ़, आयुक्त को ज्ञापन

कोरबा। शिवनगर रूमगरा क्षेत्र में एक व्यक्ति अतिक्रमण कर जबरिया मकान का निर्माण कर रहा है। निगम के नोटिस को लेने से इनकार कर निर्माण कार्य बदस्तूर जारी रखे हुए है। मामले में स्थानीय पार्षद ने बेजा कब्जा हटाने जब्ती की कार्रवाई की मांग को लेकर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा है। मामला नगर पालिक निगम के वार्ड क्रमांक 42 शिवनगर रूमगरा का है। पार्षद पुराईन बाई कंवर ने मामले की शिकायत की है। निगम आयुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा गया है कि शिवनगर रूमगरा के दशहरा मैदान सह प्राचीन शिव मंदिर परिसर में शत्रुहन प्रसाद कुर्रे पिता धनसाय अतिक्रमण करते हुए जबरन घर का निर्माण कर रहा है, जिसकी सूचना नगर निगम को दी गई है। निगम के अधिकारी द्वारा नोटिस पहुंचाने पर उक्त व्यक्ति द्वारा नोटिस लेने से इनकार किया गया। पार्षद ने आयुक्त से अतिक्रमण हटाने व जब्ती करने की कार्रवाई की मांग की है, ताकि भविष्य में उक्त स्थान पर किसी व्यक्ति विशेष द्वारा अतिक्रमण करने की कोशिश न किया जा सके। शिकायत की प्रतिलिपि नगर निगम नेता प्रतिपक्ष व बालको थाना प्रभारी को भी प्रेषित की गई है।

### यात्री प्रतीक्षालय की दुर्दशा

कोरबा। एसईसीएल दीपका क्षेत्र के अंतर्गत पुनर्वास ग्राम नेहरूनगर बसाया गया है जिसके निस्तारी हेतु नेहरूनगर जाने वाली मुख्य मार्ग में एसईसीएल द्वारा जनहित में बनाए गए यात्री प्रतीक्षालय अब अपनी दुर्दशा पर एसईसीएल को कोश रहा है। उक्त यात्री प्रतीक्षालय के सामने से एसईसीएल की कोयला लोड भारी वाहन (कोयला वाहक) का दिन-रात आवागमन जारी रहता है। एसईसीएल के द्वारा ध्यान नहीं देने के कारण विगत वर्षों से जर्जर हो चुका है। बस स्टॉप पूरी तरह कोल डस्ट से पट गया है। चारो तरफ कोल डस्ट अधिक मात्रा में प्रसारित है, इस प्रतीक्षालय के आप पास कोयला डस्ट होने के कारण आम जनता बस ऑटो रिक्शा जैसे वाहनों की प्रतीक्षा में इस प्रतीक्षालय में खड़े भी नहीं हो पा रहे हैं. कोल डस्ट से आम जानता की सेहत पर दुष्प्रभाव पड़ रहा है.यात्री प्रतीक्षालय का पुनरूद्धार किया जाना आवश्यक है तथा आसपास के कोलडस्ट को शीघ्र साफ सफाई करने की जरूरत है जिससे आम जनता को इसकी सुविधा प्राप्त हो सके.

## जमनीपाली में लगी विधिक साक्षरता शिविर



कोरबा। ज़िला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा के मार्गदर्शन में जमनीपाली में विधिक साक्षरता शिवर आयोजित किया गया जिसमे मंजीत जांगड़े न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी एवं व्यवहार न्यायधीश वर्ग 02 मौलिक अधिकार से संबधित 19, 24 स्वतंत्रता का अधिकर, 22 , 24 शोषण के विरूद्ध आवाज उठाने का अधिकार , अनुच्छेद 11 नागरिकता समाप्ति का अधिकार, जुआ अधिनियम, चेक बाउंस ङ्क 138 नालसा, साइबर फ्राड की जानकारी प्रदान किया गया, शिविर में भारी संख्या में महिलाएं शामिल हुए,इस दौरान जमनीपाली के गणमान्य नागरिक भरत राम साहू,बी एन यादव, लोकेश साहू उपेंद्र राठौर क्कङ्क,अहमद खान क्कङ्क जिला विधिक सेवा प्राधिकरण कोरबा उपस्थित रहे।

### श्रमवीर स्टेडियम में आवासीय कॉलोनी बनाने का श्रमिक संघों ने किया विरोध

कोरबा । कोरबा-पश्चिम क्षेत्र के एसईसीएल दीपका एरिया जीएम को 5 श्रमिक संगठनों ने 6 सूत्रीय मांगों का ज्ञापन सौंपा। इसमें दीपका के श्रमवीर स्टेडियम में आवासीय कॉलोनी का निर्माण नहीं कराने मांग की है। साथ ही दूसरी का चयन करने सलाह दी गई है। मांग पूरी नहीं होने पर संयुक्त श्रमिक संगठन के बैनर तले प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

में नियमित कर्मियों के लिए बायोमेट्रिक अटेंडेंस को अनिवार्य रूप से लागू कर दिया गया है। इसके बाद ही हाजिरी रजिस्टर में कर्मचारियों की उपस्थिति दर्ज कराया जाना है। बायोमेट्रिक अटेंडेंस से ही कर्मचारियों के वेतन की गणना होनी है। एचएमएस, इंटक, एटक, बीएमएस व सीटू दीपका एरिया के प्रमुखों के हस्ताक्षरयुक्त ज्ञापन में ठेका कर्मियों का भी शत-प्रतिशत उपस्थिति बायोमेट्रिक मशीन से सुनिश्चित करने मांग की है। इसके अलावा सिलाई-कढ़ाई मशीन को स्नेह मिलन भवन से अन्यत्र स्थानांतरित करने, खदान क्षेत्र में कर्मचारियों के लिए पीने के पानी की व्यवस्था, नियोजित ठेका कंपनियों के नाम और काम करने वाले कर्मचारियों की सूची उपलब्ध कराने, उड़ते कोल डस्ट से राहत देने व कॉलोनीवासियों को हो रही परेशानी से राहत देने मांग की है।

## कार्य के दौरान शार्टकट नहीं अपनाए :साकेत रंजन

कोरबा । कोरबा में मंडल संरक्षा विभाग ने संरक्षा कोटि के कर्मचारियों में बेहतर सजगता व कार्यप्रणाली सुनिश्चित करने के लिए बुधवार को कोरबा स्टेशन में संरक्षा संगोष्ठी का आयोजन किया गया। संगोष्ठी वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी साकेत रंजन के निर्देशन में क्षेत्रीय प्रबंधक जगदीप व संरक्षा सलाहकारों की उपस्थिति में की गई। इसमें कर्मचारियों को अपने कार्य के दौरान किसी भी तरह का शार्टकट नहीं अपनाने को कहा गया। संगोष्ठी में स्टेशन मास्टर, चालक, परिचालक गार्ड, फिटर, एसएसई, सीएलआई, जेई, डीटीआई, पाइंटमैन, गेटमैन, गेंगमैन सहित सभी विभागों के लगभग 110 रेल कर्मचारियों ने भाग लिया। संगोष्ठी में दुर्घटनाओं के संभावित कारणों पर चर्चा की गई। दुर्घटनाओं को रोकने के उपायों के बारे में जानकारी साझा की गई।

साथ ही सावधानियों के बारे में भी चर्चा की गई। सिग्नल व पाइंट्स खराब होने पर स्टेशन मास्टर के कर्तव्य, शंटिंग के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां, इंटरलॉक व नान-इंटरलॉक प्वाइंट पर शंटिंग के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां, ओएचई ब्लॉक के दौरान रखी जाने वाली सावधानियां, रेल फ्रेक्चर व वेल्ड फ्रेक्चर की स्थिति में ट्रैक की सुरक्षा, लोडिंग-अनलोडिंग पाइंट्स पर वैगन के दरवाजों का सही ढंग से बंद होना सुनिश्चित करना, आपदा प्रबंधन व एसपीएडी से बचाव के तरीकों के मुद्दों पर चर्चा की गई।

इसके अलावा नागरिक सुरक्षा निरीक्षक के द्वारा फायर फाइटिंग व प्रथमोपचार करने का प्रशिक्षण दिया गया। संगोष्ठी में क्षेत्रीय प्रबंधक जगदीप द्वारा संरक्षा नियमों का पालन करते हुए अपने कार्यों का निष्पादन सर्तकता व सजगता के साथ करने की सलाह दी गई। उन्होंने कर्मचारियों को कार्य के दौरान शार्टकट विधि नहीं अपनाने व तय समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के प्रति जागरूक किया। इसके अलावा मुख्य वक्ताओं ने सदस्यों को अन्य आवश्यक जानकारियां दी गई। ताकि इसका उपयोग वे आगामी समय में कर सकें।

## एनएच पर अज्ञात वाहन महिला को रौंदा

कोरबा-पाली। कोरबा जिले से गुजरी पतरापाली से कटघोरा नेशनल हाईवे-130 पर सड़क दुर्घटनाओं का सिलसिला बदस्तूर जारी है। गुरुवार की सुबह पाली बाइपास पर लगभग 50 वर्षीय एक महिला की रक्तरंजित क्षत-विक्षत शव मिलने से सनसनी फैल गई,जिसे किसी अज्ञात वाहन ने बुरी तरह रौंद दिया था। पाली पुलिस अज्ञात वाहन की तलाश में जुटते हुए अज्ञात महिला की शिनाख्त का प्रयास तेज कर दिया है।मुनगाडीह (पाली) से चैतमा के बीच नेशनल हाईवे सड़क दुर्घटना का पर्याय बन चुका है। आए दिन दुर्घटनाएं हो रही है ,लेकिन सुरक्षा के उपाय नाकाफी हैं। हालांकि विगत कुछ दिन से ज़नहानि नहीं हुई थी। लेकिन तीन दिन के भीतर सड़क दुर्घटना मे यह दूसरी महिला की मौत है। दो दिन पूर्व ही पोड़ी मार्ग पर नानपुलाली कोसाबाड़ी मुख्य मार्ग पर मार्निंग वॉक से पाली घर वापस आ रहीं ऐक्टिवा सवार महिला को बोलेरो ने जोरदार टक्कर मार दी थी जिसमें महिला की मौके पर ही मौत हो गई। आज की घटना पाली हाईवे मे रंगोले चौक, वन विभाग विश्राम गृह के पास घटित हुआ जिसमें रात्रि अथवा अलसुबह अज्ञात वाहन ने एक महिला को अपनी चपेट में ले लिया। इसे इतनी बुरी तरह रौंद दिया गया है कि केवल एक हाथ ही सही सलामत दिख रहा था। सुबह मार्निंग वॉक पर वहां से गुजरने वाले लोगों ने इसकी सूचना पाली थाने को दी। महिला कौन थी, कैसे वहां अकेले पहुंची, कहाँ जा रही थी, किस वाहन ने रौंदा इन प्रश्न के जबाव ढूढ़ने पाली पुलिस जुटी हुई है।

## दिल्ली में लगेगी लोक अदालत : 9 प्रकरणों में जारी हुआ समंस

कोरबा । उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली के निर्देशानुसार 29 जुलाई से 3 अगस्त तक विशेष लोक अदालत का आयोजन उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में किया जाना है। विशेष लोक अदालत हेतु उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में लंबित राजीनामा योग्य चिन्हांकित कुल 9 प्रकरणों की सूची प्राप्त हुई है।चिन्हांकित प्रकरणों को राजीनामा के माध्यम से निराकृत कराये जाने की संभावना तलाशने तथा उन्हें लोक अदालत के माध्यम से प्रकरणों को निराकृत कराया जाने का प्रयास करते हुये विशेष लोक अदालत की प्रीसिंटिंग की कार्यवाही किये जाने हेतु जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया गया है। तत्संबंध में जिला विधिक सेवा प्रांधिकरण के द्वारा उच्चतम न्यायालय नई दिल्ली में आयोजित होने वाली विशेष लोक अदालत हेतु चिन्हांकित प्रकरणों में संबंधित पक्षकारों को नोटिस, समंस जारी किया गया है।

### प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेमरू में मदर्स पिकनिक का आयोजन


कोरबा। कलेक्टर अजीत वसंत के मार्गदर्शन तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ.एस.एन.केशरी के नेतृत्व में स्वास्थ्य विभाग संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने, जच्चा और बच्चा के स्वास्थ्य के लिए विभिन्न सुविधाओं का विस्तार करने में प्रयासरत हैं। कोरबा ब्लाक के प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र लेमरू में सी-थ्री इंडिया के सहयोग से भारत सरकार के सुरक्षित मातृत्व आश्वासन के अंतर्गत मदर्स पिकनिक का आयोजन किया गया। क्षेत्र की गर्भवती माताओं को प्रसव के समय सुखद अनुभव कराने, स्वास्थ्य देखभाल व संस्थागत प्रसव को बढ़ावा देने के लिए प्रा.स्वास्थ्य केन्द्र में मिलने वाली स्वास्थ्य सुविधाओं से अवगत कराया गया।

## बड़ा तापाघात का खतरा, एडवायजर्री जारी

कोरबा ग्रीष्म कालीन मौसम प्रारंभ होने तथा नौतपा शुरू होते ही लोग प्रचंड गर्मी के हालात को लेकर लोग हलाकान हो रहे है। नौतपे में चल रही तापाघात (लू) के कारण लोगों के स्वास्थ्य में भी असर दिख रहा है, अस्पतालों में डीहाईड्रेशन के तथा तापाघात लगने के मामले बढ़ने लगे हैं, जो कि घातक या जानलेवा हो सकती है। कोरबा जिला कलेक्टर अजीत वसंत तथा मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एस.एन. केशरी ने जिले के नागरिकों से कहा है कि गर्मी के मौसम में तापाघात से बचाव हेतु स्वास्थ्य विभाग द्वारा जारी निर्देशों व परामर्श को अपनाएं तथा स्वयं और अपने परिवार को सुरक्षित रखें।डॉ. केशरी ने तापाघात के संबंध में बताया कि जिले में लगातार मौसम परिवर्तन के बाद अब धूप गर्मी एवं नौतपा प्रारंभ हो गई है, जिसके कारण तापाघात लगने की संभावना बढ़ गई है। सूर्य की तेजगर्मी के दुष्प्रभाव से शरीर के तापमान में विपरीत प्रभाव पड़ता है जिससे शरीर में पानी, खनिज लवण और नमक की कमी हो जाती है इसे तापाघात लगना या हीट-स्ट्रोक कहा जाता है। पर्याप्त मात्रा में पानी एवं पेय पदार्थों का सेवन ना करने से व्यक्ति निर्जलीकरण के शिकार हो सकते हैं तथा समय पर उपचार ना मिलने से स्वास्थ्यगत् समस्याएं भी हो सकती है।उन्होंने तापाघात से सतर्क रहने हेतु गर्मी के दिनो में हमेशा घर से बाहर जाते समय सफेद सूती या हल्के कपड़े पहनने, भोजन कर तथा पानी पीकर ही बाहर निकलने, गर्दन के पिछले भाग कान एवं सिर गमछे से ढककर ही निकलने, छतरी एवं रंगीन चश्मे का प्रयोग करने गर्मी में अधिक मात्रा में पानी पीने, ज्यादातर पेय पदार्थों का सेवन करें, अनावश्यक बाहर ना जाने, बच्चों बुजुर्गो व गर्भवती महिलाओं का विशेष ध्यान रखने, उन्हें समय-समय पर पानी पीने के लिए प्रेरित करने एवं सुपाच्य भोजन एवं तरल पदार्थों का सेवन कराने, अधिक समय तक धूप में व्यायाम तथा मेहनत का काम ना करने, धूप में नंगे पॉव ना चलने आदि सावधानियों को अपना कर स्वयं को तापाघात से बचने हेतु परामर्श दिया। तापाघात का शिकार होने पर व्यक्ति में सिरदर्द, बुखार, उल्टी, अत्यधिक पसीना आना, बेहोशी आना, चक्कर आना, सांस फूलना, दिल की धड़कन तेज होना, कमजोरी महसूस होना, शरीर में ऐंठन तथा त्वचा लाल एवं सूखी होना आदि लक्षण होते हैं।

तापाघात से बचावतापाघात होने पर रोगी को छायादार स्थान पर लिटायें एवं गीले कपड़े से हवा करें। रोगी के बेहोश होने की स्थिति में उसे कोई भी भोज्य/पेय पदार्थ न दें एवं तत्काल चिकित्सा सेवायें उपलब्ध कराएं। रोगी के होश में आने की स्थिति में उसे ठंडे पेय पदार्थ, जीवन रक्षक घोल, कच्चा आम का पना आदि का सेवन कराएं। रोगी के शरीर के तापमान को कम करने के लिए उसके शरीर पर ठंडे पानी की पट्टियाँ रखें। तापाघात से प्रभावित व्यक्ति को नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र ले जाएं।

## अगले माह से बिजली होगी महंगी



कोरबा। भीषण गर्मी के बीच बिजली उपभोक्ताओं को अगले महीने यानी जून से बड़ा झटका लगने वाला है। बिजली नियामक आयोग नया टैरिफ जारी करेगा। इसके बाद बिजली महंगी हो जाएगी और जुलाई में बढ़ा हुआ बिल भरना पड़ेगा।

आयोग और बिजली कंपनी के अधिकारियों के अनुसार, घरेलू उपभोक्ताओं को प्रति यूनिट 10-15 पैसे तक अतिरिक्त देने होंगे। इसी तरह कॉमर्शियल और कृषि उपभोक्ताओं को भी अतिरिक्त शुल्क देना होगा। उन्होंने बताया कि नुकसान की भरपाई करने के लिए यह कदम उठाया गया है।

राज्य विद्युत वितरण कंपनीने छत्तीसगढ़ बिजली नियामक आयोग को 4,420 करोड़ रुपए की अतिरिक्त आय की जरूरत बताते हुए 20 प्रतिशत तक टैरिफ में वृद्धि का प्रस्ताव दिया है। तर्क दिया गया है कि, लाइन लॉस, बिजली चोरी की वजह से कंपनी को राजस्व में 3 हजार करोड़ से ज्यादा का नुकसान हो रहा हैद्य

बिजली कंपनी में वर्तमान में 65 लाख से ज्यादा उपभोक्ता है। ये उपभोक्ता बीपीएल, घरेलू, कॉमर्शियल और कृषि उपभोक्ता में बंटे हुए हैं। नए टैरिफ का असर बीपीएल, घरेलू और कृषि उपभोक्ता पर कम और कॉमर्शियल उपभोक्ताओं पर ज्यादा पड़ेगा।

## बंदियों की मेहताना का आधा हिस्सा दिया पीड़ितो को

कोरबा । जेल में कैदियों की क्षमता और कुशलता के आधार पर उन्हें काम दिया जाता है। जेल में काम करके कैदी कुछ रुपए भी कमाते हैं। जेल में कैदियों को काम करने के आधे रुपए दिए जाते हैं। आधा पीड़ित व्यक्ति को दिया जाता है, जिसके साथ अपराधी ने अपराध किया होता है। दोषी कैदियों को जेल के अंदर काम करने के लिए भुगतान मिलता है, जो काम स्वेच्छा से या उनकी सजा का हिस्सा हो सकता है। यह मजदूरी उनके वर्गीकरण के आधार पर तय की जाती है। कुशल और अकुशल दर पर उन्हें भुगतान किया जाता है।

वर्तमान में कुशल कैदियों को 75 रुपए की दर से और अकुशल को 60 रुपए की दर से भुगतान किया जाता है। इसी कड़ी में जिला जेल से बिलासपुर जेल स्थानांतरित किए गए कैदियों द्वारा उनके काम की राशि कोरबा जिला को मिली थी। पुलिस अधीक्षक और जिला कलेक्टर के साथ बैठक कर कुल 16 पीड़ितों को 2 लाख 16 हजार की राशि का वितरण चेक के माध्यम से किया गया है। जेल मे बंद कैदियों को कपड़ा निर्माण, लौह कार्य और बढ़ईगिरी सहित कई व्यवसायों की ट्रेनिंग दी जाती है। अन्य कौशलों में प्लंबिंग, इलेक्ट्रिक फिटिंग, सिलाई, तैयार कपड़ों का निर्माण, चमड़े का काम, ड्राइविंग, जेल सेवा, कृषि, बागवानी, डेयरी, मुर्गीपालन, फूलों की खेती और बहुत कुछ कार्य शामिल होते हैं।

## मलदा में फंदे पर लटका मिला युवक का शव, पुलिस कर रही जांच

**हसौद।** थाना क्षेत्र के ग्राम मलदा में घर के अंदर कमरे में युवक ने गले में गमछे से फांसी का फंदा लगाकर खुदकुशी कर ली। युवक ने किस वजह से खुदकुशी की, इसकी जांच पुलिस कर रही है। पुलिस केअनुसार, ग्राम मलदा निवासी राम कुमार कश्यप 28 वर्ष बुधवार की रात अपने घर के कमरे में बंद कर लिया। घर के अन्य सदस्यों ने उसे आवाज लगाई, मगर युवक की ओर से काफी देर तक कुछ जवाब नहीं मिला। इसके बाद परिजनों से कमरे की खिड़की से अंदर झांककर देखा तब राम कश्यप ने फांसी के फंदे से लटक रहा था। घटना की जानकारी डायल 112 को दी गई। पुलिस टीम कमरे का दरवाजा तोड़कर अंदर गई, लेकिन युवक राम कुमार कश्यप की मौत हो चुकी थी। मामले की जानकारी हसौद पुलिस को दी गई। गुरुवार की सुबह पुलिस पहुंची और शव को फांसी के फंदे से नीचे उतारा और शव का पंचनामा व पीएम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।

## भीषण गर्मी से हर तरफ समस्या, स्टेशन पर यात्री की मौत

**जांजगीर चांपा।** जांजगीर-नैला रेलवे स्टेशन में रहने वाला एक बुजुर्ग अधिक धूप लगने के कारण चक्कर खाकर गिर गया, जिसे उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती कराया गया था जहां उसकी मौत हो गई। पुलिस ने उसके स्वजन के समक्ष कफन-दफन कराया।

इस संबंध में कोतवाली थाना प्रभारी प्रवीण द्विवेदी ने बताया कि जांजगीर नैला रेलवे स्टेशन में एक बुजुर्ग महात्मा सूर्यवंशी उम्र 85 साल भीख मांगकर अपना जीवन यापन करता था। तकरीबन दो दिन पहले तेज धूप के कारण वह अचानक चक्कर खाकर गिर गया, जिसे उसके अन्य साथियों ने इलाज के लिए जिला चिकित्सालय भेजा, जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया, इसकी सूचना उसके बेटी को दी गई।

जिसके बाद वह अस्पताल पहुंची, चूंकि उनके पास शव को ले जाने के लिए कोई साधन नहीं था, जिससे कारण पुलिस ने नगर पालिका की सहायता से जांजगीर में ही उनका कफन दफन कराया।

**भीषण गर्मी को देखते हुए करना होगा जतन**

तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। पारा 46 डिग्री सेल्सियस को पार कर चुका है। इस दौरान जरा सी लापरवाही हमें स्वास्थ्यगत गंभर परेशानी दे सकती है।

## अंधाधुंध हो रही पेड़ो की अवैध कटाई, फिर भी प्रशासन अनजान

### भूमाफियाओ के सामने जिला प्रशासन नतमस्तक

**जांजगीर चांपा।** अवैध प्लाटिंग करने वाले रसूखदार बेखौफ़ ग्रीन जोन में लगे पेड़ो को काटकर रास्ता बना रहे है, वही जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी जान कर भी अनजान बने बैठे है, आलम यह है कि अब कलेक्टर कार्यालय से महज कुछ दूर पर बनाए गए ग्रीन जोन पर जमीन दलाल बेखौफ़ शासकीय जमीन पर लगे पेड़ो की अंधाधुंध कटाई कर रहे है, यहां से रोजाना प्रशासनिक अधिकारी-कर्मचारियों का आना जाना होता है, बावजूद इसके प्रशासन की नजर नहीं पड़ रही है। इससे जिले के जिम्मेदार अधिकारियो पर भी सवालिया निशान उठने लगा है। प्रशासन की अनदेखी के कारण अब लोगो में आक्रोश बढ़ने लगा है।

जिले लगातार हरे भरे पेड़ों की अवैध रूप से कटाई जारी रहने से पर्यावरण संकट बढ़ता जा रहा है। पेड़ों की अवैध कटाई से आने वाले दिनों में प्रदूषण बढ़ने की आशंका बढ़ती जा रही है। पेड़ों की अवैध कटाई कर कई लोग मालामाल हो रहे हैं, वहीं प्रकृति से हरियाली घटती जा रही है। हालांकि हर वर्ष शासन हरियाली को बढ़ावा देने के लिए पौधरोपण अभियान चलाता है। इस पर शासन द्वारा करोड़ों रुपए खर्च किए जाते हैं जबकि उसकी सुरक्षा को लेकर जिम्मेदार अधिकारी ही लापरवाही बरतते हैं। कुछ साल पहले कलेक्ट्रेट चौक से कलेक्टर ऑफिस जाने वाली मुख्य मार्ग जो ग्रीन जोन घोषित कर सड़क किनारे अर्जुन, नीम, गुलमोहर जैसे पेड़ लगाये थे, वही प्रशासन द्वारा पेड़ो की सुरक्षा के लिए लाखों रूपये खर्च कर बकायदा फेंसींग तार भी लगाया गया था, मगर अब विभागीय उदासीनता के चलते जमीन दलालो द्वारा बेखौफ़ ग्रीन जोन में लगे पेड़ो को काटकर रोड़ बनाया जा रहा। भूमाफियाओ द्वारा फिर से शासकीय जमीन पर लगे लगभग 2 दर्जन से अधिक पेड़ो को काटकर रास्ता बनाने की तैयारी में है। प्रशासन की उदासीनता के चलते प्रतिबंधित जोन होने के बावजुद जमीन दलालो द्वारा यह सब कार्य किया जा रहा। मुख्य मार्ग होने के कारण यहां रोजाना कलेक्टर, एसपी सहित सभी विभागों के अधिकारी एवं कर्मचारियों का लगातार आना जाना लगा रहता, बावजूद प्रशासन द्वारा ग्रीन जोन में अवैध पेड़ो की कटाई करने वालों के खिलाफ कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। यहां प्रशासन की लापरवाही के चलते हरे भरे पेड़ो को काट कर रोड बनाया जा रहा है। इन पेड़ों की हो रही कटाई से वन क्षेत्रों को तो नुकसान हो रहा है वही इससे पर्यावरण को भी नुकसान पहुंच रहा है।

**शिकायत के बाद भी नहीं हो रही कार्रवाई**

माह भर पूर्व कलेक्टोरेट मार्ग के ग्रीन जोन पर हो रही अवैध कटाई के सम्बन्ध में लोगो ने इसकी लिखित शिकायत जिम्मेदार अधिकारियो से कर भूमाफियाओ के खिलाफ कार्रवाई की मांग की गईं थी, मगर माह भर बाद भी प्रशासन द्वारा अब तक कोई कार्रवाई नहीं की, प्रशासन की लापरवाही के चलते भूमाफियाओ के हौसले बुलंद है, वही अवैध कटाई का सिलसिला अब भी जारी है। वही एडीएम एस.पी.वैद्य ने इस मामले को लेकर कहा कि कलेक्ट्रेट रोड पर अवैध प्लाटिंग करने के उद्देश्य से सरकारी जमीन पर लगे पेड़ों की कटाई की जानकारी जिला प्रशासन को मिली हैं,एसडीएम और तहसीलदार को मौके पर जाकर जांच करने का निर्देश दे दिया गया हैं और अवैध रूप से पेड़ों की कटाई की गई हैं पेड़ों को जप्त कर आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए हैं।

# आवाजाही पर कंट्रोल करने अब नए तरीके का होगा उपयोग



**जांजगीर - चांपा।** बड़े शहरों की तरह जिला मुख्यालय जांजगीर के नेताजी और कचहरी चौक में आटोमेटिक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाया गया हैं। सिग्नल के साथ टाइम सेट कर दिया गया है। जिसमें एक तरफ के वाहन चालकों को 20 सेंकेड तक सिग्नल पर खड़ा रहना पड़ेगा उसके बाद टाइमिंग काउंट डाउन करते हुए जीरो होगा तब हरी बत्ती जलेगी। यातायात पुलिस ने तीन साल पहले इसका प्रस्ताव तैयार किया था। आटोमेटिक टाइमर ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम अभी तक केवल रायपुर, बिलासपुर, दुर्ग, भिलाई जैसे बड़े शहरों में ही लगाए गए हैं।

शहर के चौक - चौराहों पर ट्रैफिक के जवान खड़े रहते हैं बावजूद इसके ज्यादातर दो पहिया वाहन चालक चौराहों पर रूक कर यातायात नियमों का पालन करने के बजाय सिग्नल तोड़कर आगे निकल जाते हैं। रेड लाइट जंप, तीन सवारी और बिना नंबर की वाहन चलाना शहर में आम बात है। इसे देखते हुए यातायात पुलिस ने चौक में खड़े जवान के हाथ में कैमरा देने के साथ ही वहां आटोमेटिक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाने की योजना मार्च 2020 में की थी। तत्कालीन यातायात प्रभारी संदीप मित्तल ने इसका प्रस्ताव तैयार कराया था।

तीन साल बाद अब जाकर शहर के नेताजी चौक और कचहरी चौक में आटोमेटिक ट्रैफिक सिग्नल सिस्टम लगाया जा सका है। वहीं पिछले सालभर से लगभग शहर के दोनों चौराहे पर लगे ट्रैफिक सिग्नल खराब हो गए थे। जिसके चलते यातायात व्यवस्था बिगड़ते जा रही थी। व्यवस्था बनाने के लिए चौक चौराहों में यातायात के जवान तैनात रहते हैं इसके बाद भी वाहन चालक ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करते हैं। तीन सवारी, बिना नंबर और बिना हेलमेट के वाहन चलाना आम बात हो गई है। यातायात नियमों का पालन कराने के लिए यातायात पुलिस द्वारा लगातार अभियान चलाकर कार्रवाई की जा रही है।

नेताजी और कचहरी चौक में बत्ती वाले सिग्नल के स्थान पर अब आटोमेटिक टाइमर सिग्नल सिस्टम लगाए गए हैं। अभी तीन चार दिनों तक वाहन चालकों को नियम का पालन करने समझाईश दी जाएगी। इसके बाद ट्रैफिक सिग्नल जम्प करने या फिर ट्रैफिक नियमों का पालन नहीं करने वाले चालकों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की जाएगी।

### दुकानों में हो रहा प्लास्टिक का उपयोग, दो किलो जब्त

**जांजगीर।** नगर पालिका क्षेत्र की कई दुकानों में सीएमओ और पर्यावरण क्षेत्रीय अधिकारी की संयुक्त टीम ने नगर के दुकानों में छापा मारा। इस दौरान कई दुकानों से सिंगल यूज प्लास्टिक जब्त की ।[ जन दुकानों में छापा मारा गया। उसमें मॉ प्राविजन स्टोर्स, महावीर किराना स्टोर्स, दीपक किराना स्टोर्स, मोहन दास किराना स्टोर्स कश्यप होटल, किशन लाल, पवन कुमार किराना स्टोर्स, कमल किराना स्टोर्स शामिल है। इसमें 2 किलो प्लास्टिक जब्तकर तीन हजार रुपए जुर्माना वसूला गया।

## हथियार से हमला कर युवक को घायल किया

**जांजगीर-चांपा।** जांजगीर-चांपा जिले में पुरानी रंजिश को लेकर युवक पर लोहे के कत्ता से जान से मारने की नीयत से हमला करने वाले आरोपी को गिरफ्तार कर लिया है। बता दें युवक चुनमाटी के दिन डीजे में नाच रहा था, इस दौरान आरोपी ने हमला कर दिया था। घटना मुलमुला थाना क्षेत्र के ग्राम जेवरा की है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम जेवरा के रहने वाले घायल सुनील कश्यप और आरोपी शत्रुहन केवंट दोनों के बीच कहासुनी हुई थी। इसी बात को लेकर आरोपी शत्रुहन केवट पुरानी रंजिश रखता था। घायल सुनील कश्यप के पिता ने मुलमुला थाने में रिपोर्ट दर्ज कराया था।दरअसल, पड़ोसी के घर में शादी के लिए रात 10 बजे में चुनमाटी में जा रहे थे। इसमें मोहल्ले के अन्य युवक और सुनील भी डीजे में नाचते हुए जा रहा था। इस बीच शत्रुहन केवंट आया और अपने हाथ में मुर्गा काटने वाला लोहे का कत्ता रखा हुआ था। पुरानी रंजिश को लेकर सुनील कश्यप को गाली गलौज दे रहा था।इसी दौरान जान से मारने की धमकी देते हुए अपने हाथ में रखे लोहे के कत्ता से हमला कर दिया, जिससे सुनील कश्यप को गंभीर रूप से चोट आई। पामगढ़ अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया मगर हालत गंभीर होने पर बिलासपुर रेफर किया गया था। सुनील कश्यप का इलाज जारी है।

पुलिस ने मामला दर्ज कर आरोपी शत्रुहन केवट को उसके घर में होने की सूचना मिलने पर हिरासत में लेकर घटना के संबंध में पूछताछ की, जहां आरोपी ने अपना जुर्म स्वीकार किया। घायल सुनील कश्यप की चोट गंभीर प्रवृति का होने पर धारा 324, 307 जोड़ी गई। आरोपी शत्रुहन केवंट को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।

### शराब के लिए पैसे नहीं देने पर मारपीट

**सक्ती।** ककड़ी, खीरा बेचने वाले से शराब के लिए पैसे मांगे नहीं देने पर दो लोगों ने मिलकर उसे पीट दिया। घटना से सहमे पीड़ित के बेटे ने थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। मिली जानकारी के मुताबिक रोजी मजदूरी का काम करने वाले राहुल देवांगन ने पुलिस को बताया कि उसके पिताजी अनिल देवांगन पिता रामनारायण देवांगन 44 वर्ष निवासी झूलकदम थाना सक्ती रेलवे स्टेशन सक्ती में ककड़ी, खीरा बेचने का काम करते है।

# सूचना के अधिकार से उद्योगों की वास्तविकता के खुल रहे रहस्य



**जांजगीर-चांपा।** बहेराडीह में स्थापित कृष्णा इंडस्ट्रीज और नारायण इंडस्ट्रीज का जिला ब्यापार व उद्योग केंद्र में पंजीकृत नहीं है। मामला उजागर आरटीआई से हुई है। जबकि उद्योग विभाग के बिना अनुमति का उद्योग संचालित होना अपने आप मे अवैधानिक है।

इस संबंध में केंद्रीय श्रमिक संगठन के जिलाध्यक्ष चूड़ामणि राठौर ने बताया कि 16 मई को चाम्पा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी की भूमि पर सालों से संचालित कृष्णा इंडस्ट्रीज और नारायण इंडस्ट्रीज बहेराडीह का आरटीआई के तहत जिला ब्यापार व उद्योग केंद्र से यह जानकारी मांगी गई थी कि उक्त दोनों उद्योग का पंजीयन कब हुआ किस प्रयोजन के लिए किया गया है। जिसका जवाब 29 मई को विभाग ने आरटीआई के तहत यह जानकारी दी है कि आवेदक द्वारा बताए गए पते पर स्थापित कृष्णा इंडस्ट्रीज एवं नारायण इंडस्ट्रीज नाम की कोई इकाई इस कार्यालय में पंजीकृत नहीं है। विभाग द्वारा आरटीआई के तहत दी गई चौकाने वाली जानकारी सामने आई है। विभाग से मिली इस तरह की जानकारी से महामहिम राष्ट्रपति समेत प्रधानमंत्री, महामहिम राज्यपाल, मुख्यमंत्री, उद्योग मंत्री, पर्यावरण मंत्री, कमिश्नर और कलेक्टर को लिखित रूप में अवगत कराई जाएगी। जबकि ग्रामीणों के शिकायत के जवाब में प्रधानमंत्री कार्यालय दिल्ली को चाम्पा एसडीएम द्वारा कलेक्टर को प्रस्तुत प्रतिवेदन की भेजी गई जानकारी में उल्लेख किया गया है कि कृष्णा इंडस्ट्रीज और नारायण इंडस्ट्रीज चाम्पा तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सिवनी में संचालित है। जो तीन ब्यक्ति के नाम पर दर्ज है। जहाँ दिन रात कई तरह की पत्थरों की पिसाई का काम किया जा रहा है। इंडस्ट्रीज के प्रदूषण से परेशान ग्रामीणों ने इंडस्ट्रीज को गांव से तत्काल हटाने की मांग किया गया है।

गेट के सामने बोर्ड नहीं लगा बोर्ड - रिहायशी इलाके में नियम विरुद्ध संचालित इस इंडस्ट्रीज के गेट पर किसी तरह की कोई बोर्ड नहीं लगाई गई है। उक्त इंडस्ट्री के विरुद्ध राष्ट्रपति को 11 बिंदुओ पर दुबारा शिकायत भेजी गई है। वहीं फैक्ट्री मालिक द्वारा ग्रामीणों की आवाज को हर प्रकार से दबाने की कोशिश किया जा रहा है।

### आकस्मिक मौत, 4 लाख की सहायता राशि मंजूर

**सक्ती।** राजस्व पुस्तक परिपत्र खण्ड-6 क्रमांक 4 परिशिष्ट एक प्राकृतिक आपदा से होने वाली क्षति के लिए शासन द्वारा दी जाने वाली आर्थिक सहायता अनुदान के लिए निर्धारित मापदंडों और दरों के तहत चार लाख रुपए की आर्थिक सहायता मंजूर की गई है। डिप्टी कलेक्टर विश्वास कुमार के अनुसार सक्ती जिले के तहसील मालखरौदा अंतर्गत छपोरा निवासी मृतक स्व. जैन कुमार यादव की तालाब में डूबने के कारण मौत होने पर उनके निकटतम वारिस मृतक के पत्नी कौशिल्या बाई को राजस्व पुस्तक परिपत्र 6-4 के तहत चार लाख रुपए भुगतान करने की मंजूरी दी है।

## मतगणना के लिए पर्यवेक्षक और सहायकों को दिया गया जिला मुख्यालय में प्रशिक्षण



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी आकाश छिकारा की उपस्थिति में लोकसभा निर्वाचन 2024 के तहत 04 जून को होने वाले मतगणना कार्य के लिए नियोजित मतगणना पर्यवेक्षक, मतगणना सहायक, मतगणना अतिरिक्त सहायक को जिला पंचायत के सभाकक्ष में द्वितीय चरण का प्रशिक्षण प्रदान किया गया। कलेक्टर ने मतगणना कार्य के महत्वपूर्ण पहलु पर विस्तार से जानकारी दी। साथ ही निष्पक्ष एवं पारदर्शिता पूर्ण मतगणना के लिए उपयोगी सुझाव एवं निर्देश दिए गए। उन्होंने कहा कि मतगणना का कार्य महत्वपूर्ण है। इस कार्य में किसी भी प्रकार की लापरवाही नहीं होना चाहिए।

मास्टर ट्रेनर ने बताया कि मतगणना में कंट्रोल यूनिट में दर्ज वोटों की गिनती के साथ डाक मत पत्र, ईटीपीबीएस की मतगणना की जाएगी। इस दौरान डाक मत पत्रों की मतगणना के संबंध में विस्तार से जानकारी दी गई। पहले डाक मतपत्रों की मतगणना होगी। डाक मतपत्रों की मतगणना शुरू होने के तीस मिनट बाद ईवीएम से मतगणना प्रारंभ होगी। उन्होंने मतगणना से संबंधित व्यवस्थाओं के अलावा मतगणना संबंधी प्रावधानों व आयोग के दिशा निर्देशों के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। उन्होंने मतगणना के पूर्व की तैयारी, मानव संसाधन एवं अन्य जरूरी संसाधनों की व्यवस्था, ईव्हीएम से मतगणना की प्रक्रिया, मतगणना व्यवस्था सहित अन्य महत्वपूर्ण बिंदुओं से अवगत कराया। प्रशिक्षण में मतगणना कर्मियों के शंकाओं का समाधान भी किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर एस पी वैद्य, अपर कलेक्टर श्रीमती लवीना पांडेय, उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती निशा नेताम मड़ावी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।

## कलेक्टर ने निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्रों एवं हमर क्लीनिक का किया अवलोकन



**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा ने निर्माणाधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़, उप स्वास्थ्य केंद्र बारगांव एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र अमोरा का अवलोकन किया। कलेक्टर ने पामगढ़ में निर्माणाधीन 20 बेड आइसोलेशन वार्ड का अवलोकन कर बिजली, शौचालय एव सभी आवश्यक व्यवस्थाओं को समय सीमा में पूर्ण करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने निर्माणधीन सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पामगढ़ पहुँचकर ड्रेसिंग रूम, चिकित्सक कक्ष, जांच लैब, वेटिंग हॉल, ओपीडी, लैब, जनरल वार्ड, महिला एवं पुरुष वार्ड, शौचालय, मेडिकल कक्ष, स्टोर रूम का निरीक्षण कर आवश्यक निर्देश दिए। इसके पश्चात उन्होंने पामगढ़ विकासखंड के उप स्वास्थ्य केंद्र बारगांव एवं अमोरा का भी अवलोकन कर आवश्यक सुधार करने कहा। उन्होंने सभी निर्माणाधीन स्वास्थ्य केंद्रों को शीघ्र पूर्ण कर हैंडओवर करने कहा। कलेक्टर छिकारा ने जांजगीर के भाठापारा में नव निर्मित हमर क्लीनिक पहुंचकर फॉर्मेसी रूम, टीकाकरण, ओपीडी, स्टोर रूम सहित अन्य कक्षों का अवलोकन कर कमियों को जल्द से जल्द पूर्ण करने के निर्देश दिए। इस दौरान मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया, एसडीएम पामगढ़ वहीदुर्रहमान शाह, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी एवं स्वास्थ्य विभाग के संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित थे।

## रिटायर शिक्षिका की घर में मिली लाश,चांपा पुलिस जांच में जुटी

**जांजगीर चांपा।** चांपा थाना क्षेत्र के तहसील रोड स्थित सींधी कालोनी के पास उनके ही मकान में रिटायर शिक्षिका की लाश मिली है।लाश की पहचान शिक्षिका सहोदरा सोनी के रूप मे की गई है।पुलिस को मुखबिर से सुचना मिली थी कि रिटायर शिक्षिका की मौत हो गई है और उसकी लाश उसके घर पर पडी हुई है।पुलिस अपने दल बल के साथ रिटायर शिक्षिका के घर पहुंच कर जांच कर रही है वही घटना की वजह का अभी खुलासा नही हो पाया है।

## हसौद टीआई और एएसआई लाइन अटैच,सक्ती एसपी की कार्रवाई

**जांजगीर-चांपा/हसौद।** सक्ती एसपी अंकित शर्मा ने एक बार फिर खराब प्रदर्शन करने वाले पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई कर हसौद थाना प्रभारी और सहायक उप निरीक्षक को लाइन अटैच किया है, सक्ती एसपी की कार्रवाई से एक ओर आमजनों में पुलिस विभाग के प्रति विश्वास एवं जागरूकता बढ़ने लगा है तो वही दूसरी ओर एसपी की कार्रवाई से भ्रष्ट पुलिसकर्मियों को डर सताने लगा है। उल्लेखनीय है कि सक्ती एसपी अंकित शर्मा ने लगातार मिल रही शिकायत पर कार्रवाई करते हुए हसौद थाना प्रभारी सुनील कुजूर और एएसआई नरेंद्र शुक्ला को हसौद थाना से हटाकर लाइन अटैच किया है। 25 मई मंगलवार को आदेश जारी कर एसपी ने विन्टन साहू को हसौद थाना प्रभारी बनाया है।

### जीवनदीप समिति कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

# नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता - कलेक्टर

### ओपीडी बढ़ाने के दिए निर्देश, लगाए गांव गांव में स्वास्थ्य शिविर

### जिला अस्पताल के विभिन्न का वार्डों का किया निरीक्षण

**जांजगीर-चांपा।** कलेक्टर आकाश छिकारा की अध्यक्षता में जीवनदीप समिति की कार्यकारिणी समिति की बैठक जिला चिकित्सालय के सभाकक्ष में संपन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि नागरिकों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराना सर्वोच्च प्राथमिकता है। बैठक में कलेक्टर ने एजेंडावार कार्यों पर चर्चा की एवं जीवन दीपसमिति के आय-व्यय का ब्यौरा एवं अनुमोदन किया गया है। इस दौरान उन्होंने कहा कि ओपीडी की संख्या बढ़ाए और गांव गांव में स्वास्थ्य शिविर लगाए जाने के निर्देश दिए।

बैठक में जिला चिकित्सालय जांजगीर में मुख्य द्वार से मरचुरी कक्ष तथा ई.सी.टी.सी.भवन तक सड़क डामरीकरण निर्माण कार्य, 40 बिस्तरीय मेटरनिटी वार्ड निर्माण कार्य, परिसर में 33 के.व्ही.ए. विद्युत लाईन का स्थान्तरण कार्य, समस्त शौचालय का उन्नयन, मरम्मत कार्य, परिसर में स्थापित डेली नीड्स एवं कैंटीन का उन्नयन कार्य की जानकारी ली। इसके अलावा सीपेज रोकथाम हेतु 01 लाख लीटर क्षमता की ओव्हर हेड वॉटर टैंक निर्माण कार्य, कारपेन्टर, राजमिस्त्री, माली तथा आयुष्मान भारत अंतर्गत 04 कम्प्यूटर ऑपरेटर की जीवन दीप समिति अंतर्गत कार्य लिये जाने के संबंध में, जिला चिकित्सालय जांजगीर के रिक्त पदों के विरूद्ध भर्ती के संबंध में, जिला चिकित्सालय जांजगीर के एस.एन.सी.यू. में भर्ती बच्चों के माताओं के लिए कक्ष निर्माण के संबंध में चर्चा एवं मैदानी स्तरो में ब्लड डोनेशन कैंप आयोजित करने के संबंध सहित अन्य विषयों पर चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने इस दौरान कहा कि जो भी निर्माण कार्य चल रहे है उनको समय सीमा में पूर्ण किया जाए। इस दौरान उन्होंने बल्ड डोनेशन के लिए लगातार कैंप लगाने के निर्देश दिए। इसके अलावा प्रतिदिन की जा रही ओपीडी की जानकारी भी ली और डॉक्टर से चिकित्सा संबंधी जानकारी ली और मरीजों के बेहतर इलाज को लेकर सुझाव भी लिए। इस अवसर पर मुख्य स्वास्थ्य एवं चिकित्सा अधिकारी डॉ स्वाति वंदना सिसोदिया, सिविल सर्जन डॉ अनिल जगत, डीपीएम उत्कर्ष तिवारी सहित संबंधित अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित थे।



**कलेक्टर ने जिला अस्पताल के विभिन्न वार्डों का किया अवलोकन**

कलेक्टर आकाश छिकारा ने जिला अस्पताल के विभिन्न कक्ष का निरीक्षण किया और स्टॉक पंजी से मिलान करने के निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने जिला शीघ्र हस्तक्षेप केंद्र (पहल), दीर्घायु वार्ड, श्रवण एवं वाक कक्ष, स्टोर रूम, भौतिक चिकित्सा एवं परामर्श विभाग आदि का निरीक्षण किया। उन्होंने दवाईयो का मिलान स्टॉक पंजी से करने के निर्देश दिए। स्टॉक पंजी में एंट्री नहीं होने पर संबंधितों को कड़ी फटकार लगाई। इस दौरान उन्होंने सभी स्टाफ को कंप्यूटर का प्रशिक्षण देने के निर्देश दिए। इस दौरान ओपीडी की भी जानकारी लेते हुए उसे बढ़ाने के निर्देश दिए।

### डूमरपारा में शराब बेचते युवक गिरफ्तार

**बाराद्वार।** बाराद्वार पुलिस ने डूमरपारा के खदान मोहल्ले से 25 लीटर अवैध शराब के साथ आरोपी राजकमार दिवाकर को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया हैं। बाराद्वार पुलिस के अनुसार डूमरपारा के खदान मोहल्ला गली निवासी राजकमार दिवाकर अवैध कच्ची महुआ शराब बेचने ग्राहक का इंतजार कर रहा है। मुखबीर की सूचना पर पुलिस टीम मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। आरोपी राजकुमार दिवाकर के पास से 5 लीटर जरीकेन में रखे महुआ शराब गवाहों के समक्ष जब्त किया।

## अनमोल वचन......

**विश्वास वो ताकत है, जो उजड़ी हुई जिंदगी में भी रोशनी भर देती है!**

# देश में खेल क्रांति संभव

*देश की दो कम उम्र बेटियों ने ऐसा कमाल किया है, जिसे वर्षों भुलाया नहीं जा सकेगा। मात्र 15 साल की प्रीति स्मिता भोई ने विश्व युवा वेटलिफ्टिंग चैंपियनशिप में 40 किलो वर्ग के क्लीन और जर्क में 76 किलो वजन उठाने का विश्व यूथ रिकॉर्ड बनाने के साथ कुल 133 किलो वजन उठाया।*

*वहीं 16 साल की काम्या कार्तिकेयन ने नेपाल की तरफ से एवरेस्ट पर सफल अभियान किया है। वह यह उपलब्धि पाने वाली देश की सबसे छोटी पर्वतारोही हैं। इन दोनों युवाओं ने अपने प्रदर्शन से साबित किया है कि कोई बात मन में ठान ली जाए तो उसे पूरा किया जा सकता है। प्रीति स्मिता ओडिशा के पिछड़े इलाके ढेंकनाल से ताल्लुक रखती हैं। उन्होंने मात्र दो साल की उम्र में ही पिता को खो दिया था। पर मां ने अपनी बेटी को आगे बढ़ाने के लिए हर तरह का बलिदान दिया और उसका केंद्रीय विद्यालय में दाखिला करा दिया।*

*वहां कोच गोपाल कृष्ण दास की उनके ऊपर निगाह पड़ी तो उन्होंने प्रीति को वेटलिफ्टर बनने की सलाह दी। और आज हमारे सामने विश्व रिकॉर्डधारी खड़ी है। वहीं काम्या एक सपन्न परिवार से ताल्लुक रखती हैं। उनके पिता एस कार्तिकेयन नौसेना में कमांडर हैं। पिता ने बेटी को इस क्षेत्र में आगे बढ़ने के लिए भरपूर साथ दिया है। वह इस अभियान में भी काम्या के साथ एवरेस्ट तक गए थे। मुंबई के नौसेना विद्यालय में 12वीं में पढ़ने वाली काम्या ने नेपाल की तरफ से सफल अभियान करके सबसे कम उम्र में अभियान पूरा करने का रिकॉर्ड बनाया। दोनों प्रदर्शन यह जताते हैं कि भारत में विभिन्न खेलों में प्रतिभाओं की तो कमी नहीं है, जरूरत सिर्फ उन्हें आगे लाने की है। हमारे यहां पहले भी तमाम युवाएं प्रतिभाएं कमाल करती रहीं हैं। पर इस तरह के मामले में अक्सर खिलाड़ी अपनी इच्छा शक्ति के दम पर तमाम मुश्किलों का सामना करके आगे आते रहे हैं। हमने धाविका हिमा दास जैसे तमाम एथलीटों को घर से प्रशिक्षण स्थल तक पहुंचने में तमाम बाधाओं को पार करने की तमाम कहानियां पढ़ी हैं। अगर देश में दूरस्थ स्थानों तक खेल सुविधाओं का नेटवर्क फैलाया जाए तो देश में खेल क्रांति संभव है। हम यदि ऐसा कर सके तो दो-तीन दर्जन पदक जीतकर देश की प्रतिष्ठा को चार चांद लगते देख सकेंगे।*

## राशिफल

**मेष राशि-** आज का दिन नया बदलाव लाने वाला है। प्रॉपर्टी डीलर के लिए आज का दिन अच्छा रहेगा अचानक धन लाभ होगा। आज आपका आर्थिक पक्ष मजबूत रहेगा। स्वास्थ्य आज फिट रहेगा। इस राशि की महिलाओं को आज जीवनसाथी से सरप्राइज मिल सकता है जिससे पूरे दिन आपका मन प्रसन्न रहेगा।

**वृष राशि-**आज का दिन बेहतरीन रहने वाला है। आज व्यापारियों के लिए दिन शुभ हैं। धनलाभ होने के आसार नजर आ रहे हैं। साझेदारी करना आज आपके लिए फायदेमंद रहेगा। जमीन से जुड़ा कोई बड़ा मामला सुलझ जायेगा। आज ऑफिस में नई पहल करने के लिए दिन अच्छा है। लाभ होने की संभावना बन रही है।

**मिथुन राशि-**आज का दिन खुशियां लेकर आने वाला है। पहले किया हुआ काम आज पूरा हो जायेगा। जिसका सकारात्मक परिणाम आपको मिलेगा। आज अपना धैर्य बनाये रखें और समय के साथ चलें। अपने जज़्बात क़ाबू में रखें फायदा होगा। आज आपको तरक्की के नये रास्ते मिलेंगे।

**कर्क राशि-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहने वाला है। आज आपके काम में आत्मविश्वास की झलक दिखाई देगी। आज दूसरों को बातों से अपनी ओर आकर्षित कर लेंगे। कोई रूका हुआ काम अपनों की मदद से पूरा हो जायेगा। इस राशि के छात्रों को आज प्रतियोगी परीक्षा से संबंधी कोई शुभ समाचार मिलने वाला है, जिसे सुनकर आपके चेहरे खिल उठेंगे।

**सिंह राशि-**आज का दिन ठीक-ठाक रहेगा। इस राशि के कारोबारी अपनी प्लानिंग गुप्त रखेंगे, तो सफलता जरूर हासिल होंगी। आज आपके सोचे हुए काम पूरे हो जायेंगे। किसी काम में निवेश करने से पहले अच्छी तरह से जांच-पड़ताल कर लें। इससे आप नुकसान से बचे रहेंगे।

**कन्या राशि-**आज का दिन अनुकूल रहने वाला है। कई उलझे सवालों के जवाब आज आपको मिल जायेगा, कन्फ्यूज़न की स्थिति खत्म होगी। किसी काम से आज आपको बड़ा फायदा होने वाला है, साथ ही अधूरा काम पूरा हो जायेगा। आज खर्च में इज़ाफा बचत को ज्यादा मुश्किल बना देगा। आज कुछ निजी काम में बहन का सहयोग मिलने वाला है।

**तुला राशि-**आज किस्मत आपका पूरा साथ देगी। जीवनसाथी आज कुछ ऐसा काम करेगे, जिसे देखकर आपका मन प्रसन्न हो जायेगा। कारोबार में आज कुछ ऐसी बाते सामने आएंगी, जो भविष्य में फायदेमंद रहेगी। आज आपका स्वास्थ्य बेहतरीन रहने वाला है। किसी नये काम की शुरूआत करना आपके लिए फायदेमंद रहेगा।

**वृश्चिक राशि-**आज का दिन आपके लिए अच्छा रहेगा। अगर आज कहीं यात्रा पर जा रहे है तो फायदा होने वाला है। यात्रा पर जाने से पहले सभी जरूरी दस्तावेज साथ रखना न भूलें। आज थोड़ा आलस्य महसूस हो सकता है। आज आपका कठिन परिश्रम फलदायी सिद्ध होगा।

**धनु राशि-**आज का दिन आपके लिए अनुकूल रहेगा। इस राशि के लोग आज समझदारी से काम करेंगें तो आपको फायदा जरूर होने वाला है। बैंकिंग सेक्टर से जुड़े लोगों के लिए दिन अच्छा है। पदोन्नती का अवसर मिलने के आसार बन रहे हैं। आज आपके मन में अधिक पैसे कमाने के नये विचार आएंगे। मुश्किल परिस्थिति में आज किसी मित्र का सहयोग प्राप्त होगा। जिससे दोस्ती में और भी मजबूती आयेगी।

**मकर राशि-**आज का दिन नई सौगात लेकर आयेगा। कारोबार में वृद्धि के लिए आज का दिन शुभ है। पहले से बनी योजनाओं को लागू करना आज ठीक रहेगा। आस-पास के लोग आज आपसे खुश रहेंगें। पुरानी उलझन आज खत्म होगी। इस राशि के जो लोग पयर्टन के क्षेत्र से जुड़े हैं, उन्हें आज आर्थिक लाभ मिलने वाला है।

**कुंभ राशि-**आज आपका मन अध्यात्म में अधिक लगा रहेगा। आज ऑफिस में आपका प्रभाव बढ़ेगा। इस राशि के नवविवाहित दंपत्ति को आज किसी सामाजिक समारोह में जाना पड़ सकता है। जहां किसी ऐसे व्यक्ति से मुलाकात होगी जिससे मिलकर मन प्रसन्न हो जायेगा।

**मीन राशि-**आज आपका दिन खुशहाल रहेगा। आज आपकी सेहत पहले से बेहतर रहेगी। कॉलेज में दोस्तों के साथ हंसी-मजाक होगा साथ ही बीच में किसी बात को लेकर चर्चा भी करेंगे। आज खुद को व्यर्थ के कामों से दूर रखें वरना आपका अधिक समय फिज़ूल के कामों में निकल जायेगा।

# अग्निकांड़ों ने हर भारतीय का दिल जख्मी किया

//ललित गर्ग //

**आग क्यों और कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है। सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। गुजरात के राजकोट में एक एम्यूजमेंट पार्क के अंदर गेमिंग जोन में लगी आग की लपटें अभी ठीक से बुझी भी नहीं थीं कि शनिवार देर रात राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बच्चों के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में आग लगने से सात नवजात बच्चों की जान चली गयी। दोनों ही घटनाओं में हताहत होने वालों में ज्यादातर छोटे बच्चे हैं। निश्चित रूप से ये हादसे प्रशासनिक लापरवाही की उपज हैं, यही कारण है कि सिस्टम में खामियों और ऐसी आपदाओं को रोकने में सरकारी अधिकारियों की लापरवाही की निंदा की जा रही है।**



यह याद रखने योग्य है कि नियमित अंतराल पर मानवीय जिम्मेदारी वाले पहलू की अनदेखी से ऐसी गंभीर घटनाएं होने के बावजूद अधिकारियों की उदासीनता और लापरवाही कम होती नहीं दिख रही है। इन जहरीली काली आग ने कितने ही परिवारों के घर के चिराग बुझा दिए। कितनी ही आंखों की रोशनी छीन ली और एक कालिख पोत दी कानून और व्यवस्था के कर्णधारों के मुँह पर। 'अग्निकांड' एक ऐसा शब्द है जिसे पढ़ते ही कुछ दृश्य आंखों के सामने आ जाते हैं, जो भयावह होते हैं, त्रासद होते हैं, डरावने होते हैं। जीवन का हर पल दुर्घटनाओं का शिकार हो रहा है। दुर्घटनाओं को लेकर आम आदमी में संवेदनहीनता की काली छाया का पसरना हो या सरकार की आंखों पर काली पट्टी का बंधना-हर स्थिति में मनुष्य जीवन के अस्तित्व एवं अस्मिता पर सन्नाटा पसर रहा है।

इन दोनों मामलों में शुरुआती सूचनाएं ही संदेह का पुख्ता आधार प्रदान कर रही हैं। मसलन, यह बताया गया कि राजकोट के प्राइवेट एम्यूजमेंट पार्क में चल रहे गेमिंग जोन को फायर एनओसी नहीं मिला था। इसके बावजूद यह गेमिंग जोन धड़ल्ले से चल रहा था, बड़ी संख्या में बच्चे यहां महंगे टिकट लेकर आ रहे थे और अगर आग लगने की यह घटना न होती तो पता नहीं कब तक सब कुछ ऐसे ही चलता रहता। ठीक इसी तरह दिल्ली के बेबी केयर सेंटर की आग की घटना ने सभी को झकझोर कर रख दिया है। एनआईसीयू में वेंटिलेटर पर ही 7 नवजात ने दम तोड़ दिया। आग की लपटें इतनी तेज थी कि बच्चों को पीछे के रास्ते से बड़ी मुश्किल से निकाला गया। 5 बेड की क्षमता वाले हॉस्पिटल में 12 बच्चों का इलाज हो रहा था। जाहिर है, एक बेड पर दो या तीन बच्चे थे। आग लगने, हॉस्पिटल के मिस मैनेजमेंट और लापरवाही का क्या स्थानीय प्रशासन को अंदाजा नहीं होना चाहिए कि उसके कार्यक्षेत्र में किस तरह के व्यवसाय कानूनी प्रक्रियाओं की अनदेखी करते हुए चलाए जा रहे हैं। प्रश्न है कि इन बढ़ती दुर्घटनाओं की नृशंस चुनौतियों का क्या अंत है। बहुत कठिन है दुर्घटनाओं की उफनती नदी में जीवनरूपी नौका को सही दिशा में ले चलना और मुकाम तक पहुंचाना, यह चुनौती सरकार के सम्मुख तो है ही, आम जनता भी इससे बच नहीं सकती। इन दोनों अग्निकांड़ों में पीड़ितजन तो सहानुभूति के पात्र हैं ही, पर इन घटनाओं के लिए सहानुभूति की पात्र देश की जनता भी है, जो भ्रष्ट, लापरवाह एवं लालची प्रशासनिक चरित्रों को झेल रही है। मनुष्य अपने स्वार्थ और रुपए के लिए इस सीमा तक बेईमान और बदमाश हो जाता है कि हजारों के जीवन और सुरक्षा से खेलता है। दो-चार परिवारों की सुख समृद्धि के लिए अनेक घर-परिवार उजाड़ देता है। राजकोट हो या राजधानी में प्राइवेट संस्थानों में आग लगना- बेकसूर लोगों के मारे जाने की घटनाएं कोई नई या चौंकाने वाली बात नहीं है। कभी कोई फैक्ट्री इस वजह से सुर्खियों में आती है तो कभी कोचिंग संस्थान। कभी कोई अस्पताल तो कभी एम्यूजमेंट पार्क। घटना के बाद पता चलता है कि वे संस्थान तमाम कानूनी प्रक्रियाओं को ताक पर रखते हुए चलाए जा रहे थे। यही वजह है कि दोनों ही मामलों में तत्काल जांच के आदेश दे दिए गए। मगर आम तौर पर ऐसे आदेश घटना से उपजे असुविधाजनक एवं ज्वलंत सवालों की ओर से लोगों का ध्यान हटाने भर का काम करते हैं। आसमान से बरसती आग के बीच शनिवार को हुए इन दोनों अग्निकांडों में मासूमों व बच्चों की मौत ने हर संवेदनशील व्यक्ति को झकझोरा है। तंत्र की काहिली और आपराधिक लापरवाही के चलत ऐसे हादसे होते हैं जिनमें भ्रष्टाचार पसरा होता है, जब अफसरशाह लापरवाही करते हैं, जब स्वार्थ एवं धनलोलुपता में मूल्य बौने हो जाते हैं और नियमों और कायदे-कानूनों का उल्लंघन होता है। आग क्यों और कैसे लगी, यह तो जांच का विषय है ही लेकिन इन व्यावसायिक इकाइयों को उसके मालिकों ने मौत का कुआं बना रखा था। आखिर क्या वजह है कि जहां दुर्घटनाओं की ज्यादा संभावनाएं होती हैं, वही सारी व्यवस्थाएं फेल दिखाई देती है। सारे कानून कायदों का वहीं पर स्याह हनन होता है। हर दुर्घटना में गलती भ्रष्ट आदमी यानी अधिकारी एवं व्यवसायी की ही होती है पर कारण बना दिया जाता हैं पुर्जों व उपकरणों की खराबी को। जैसे-जैसे जीवन तेज़ होता जा रहा है, सुरक्षा उतनी ही कम हो रही है, जैसे-जैसे प्रशासनिक सर्तकता की बात सुनाई देती है, वैसे-वैसे प्रशासनिक कोताही के सबूत सामने आते हैं, मरने वालों की संख्या बढ़ रही है, लेकिन हर बड़ी दुर्घटना कुछ शोर-शराबें के बाद एक और नई दुर्घटना की बाट जोहने लगती है। सरकार और सरकारी विभाग जितनी तत्परता मुआवजा देने में और जांच समिति बनाने में दिखाते हैं, अगर सुरक्षा प्रबंधों में इतनी तत्परता दिखाएं तो दुर्घटनाओं की संख्या घट सकती है। लेकिन ऐसा नहीं हो रहा है, क्यों नहीं हो रहा है, यह मंथन का विषय है।राजधानी दिल्ली ही नहीं, देश में हर जगह कानूनों एवं व्यवस्थाओं की धज्जियां उड़ते हुए देखा जा सकता है। इंसान का जीवन कितना सस्ता हो गया है। अपने धन लाभ के लिये कितने इंसानों के जीवन को दांव पर लगा देता है। मालिकों से ज्यादा दोषी ये अधिकारी और कर्मचारी हैं। अगर ये अपनी जिम्मेदारी को पूरी ईमानदारी से निभाते तो उपहार सिनेमा अग्निकांड नहीं होता, नन्दनगरी के समुदाय भवन की आग नहीं लगती, पीरागढ़ी उद्योगनगर की आग भी उनकी लापरवाही का ही नतीजा थी। बात चाहे पब की हो या रेल की, प्रदूषण की हो या खाद्य पदार्थों में मिलावट की-हमें हादसों की स्थितियों पर नियंत्रण के ठोस उपाय करने ही होंगे। तेजी से बढ़ता हादसों का हिंसक एवं डरावना दौर किसी एक प्रान्त या व्यक्ति का दर्द नहीं रहा। इसने हर भारतीय दिल को जख्मी किया है। इंसानों के जीवन पर मंडरा रहे मौत के तरह-तरह की डरावने हादसों एवं दुर्घटनाओं पर काबू पाने के लिये प्रतीक्षा नहीं, प्रक्रिया आवश्यक है।

स्थानीय निकाय हो या सरकारें, लाइसेंसिंग विभाग हो या कानून के रखवाले- अगर मनुष्य जीवन की रक्षा नहीं की जा सकती तो फिर इन विभागों का फायदा ही क्या। कौन नहीं जानता कि ये विभाग कैसे काम करते हैं। सब जानते हैं कि प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर इंस्पैक्टर आते हैं और बंधी-बंधाई राशि लेकर लौट जाते हैं। लाइसेंसिंग विभाग में ऊपर से नीचे तक भ्रष्टाचार है। नैतिकता और मर्यादाओं के इस टूटते बांध को, लाखों लोगों के जीवन से खिलवाड़ करते इन आदमखोरों से कौन मुकाबला करेगा। कानून के हाथ लम्बे होते हैं पर उसकी प्रक्रिया भी लम्बी होती है। कानून में अनेक छिद्र हैं। सब बच जाते हैं। सजा पाते हैं गरीब आश्रित, निर्दोष अभिभावक जो मरने वालों के पीछे जीते जी मर जाते हैं। पुलिस व्यक्ति की सुरक्षा में तैनात रहती है जनता की सुरक्षा में नहीं। भ्रष्ट अधिकारी नोट जुगाड़ने की कोशिश में रहते हैं, जनता की सुरक्षा के लिये नहीं। भ्रष्टाचार शासन एवं प्रशासन की जड़ों में पेठा हुआ है, इन विकट एवं विकराल स्थितियों में एक ही पंक्ति का स्मरण बार बार होता है, घर-घर में है रावण बैठा इतने राम कहां से लांऊ। भ्रष्टाचार, बेईमानी और अफसरशाही इतना हावी हो गया है कि सांस लेना भी दूभर हो गया है।

# हीटवेव के चलते सियासी पारे के साथ ही बढ़ता मौसमी पारा

//डॉ. राजेन्द्र प्रसाद शर्मा //

**इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है लोकसभा चुनावों के मतदान के चरण जिस तरह से एक के बाद एक पूरे होते जा रहे हैं और सियासी पारा चढ़ता जा रहा हैं उसी तरह से मतदान का अंतिम चरण आने से पहले ही उत्तर, पश्चिम, मध्य और पूर्वी भारत के तापमान में भी दिन प्रतिदिन तेजी आती जा रही है। एक और जहां समग्र मतदान प्रतिशत 2019 के स्तर पर नहीं आ पा रहा हैं वहीं सूर्यदेव को लगता हैं स्वयं से ही तापमान बढ़ाने की होड़ चल रही हैं। 29 मई को देश की राजधानी दिल्ली का पारा 52 के आंकड़ें को छू गया, हो सकता है इसको लेकर कोई मत भिन्नता हो पर इसमें कोई दो राय नहीं कि दिल्ली का पारा 50 डिग्री से तो ज्यादा ही रहा है। देश के 17 से अधिक शहरों में तापमान उच्चतम स्तर पर चल रहा है। यह एक तरह का प्राकृतिक आपात्काल है।**

हीटवेव या यों कहें कि लू के थपेड़ों ने जनजीवन को प्रभावित करके रख दिया है। लू या हीटवेव या तापघात के कारण देश के विभिन्न हिस्सों में मौत के समाचार भी आ रहे हैं। तस्वीर का एक पहलू यह है कि अभी तक सही मायने में हमारे देश में हीटवेव को डिजास्टर मैंनेजमेंट में पूरी तरह से शामिल नहीं किया गया है। कहीं कहीं सड़कों पर पानी छिड़कने या लोगों को घर या कार्यस्थल से बाहर नहीं निकलने की सलाह दी जाती रही है। लू से बचाव के उपायों खासतौर से खाली पेट नहीं रहने और तरल पदार्थ का अधिक से अधिक सेवन करने की सलाह दी जाती है। 1850 के बाद 2023 का साल सबसे गर्म साल रहा है पर जिस तरह से तापमान दिन प्रतिदिन बढ़ते हुए जन जीवन को प्रभावित कर रहा है उससे साफ हो जाता है कि 1850 के बाद 2023 नहीं बल्कि अब तो 2024 सबसे गर्म साल रहने वाला है। समूचा उत्तरी, पश्चिमी, मध्य और पूर्वी भारत हीटवेव के चपेट में आ गया है। देश की राजधानी दिल्ली के साथ ही राजस्थान, हरियाणा, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, बिहार, उत्तर प्रदेश, विदर्भ आदि गंभीर हीटवेव से प्रभावित इलाके हैं। राजस्थान के चुरु और फलोदी आदि का पारा तो 50 के आसपास ही चल रहा है। पानी, बिजली और हीटवेव के कारण बीमारी के हालात गंभीर होते जा रहे है। इतनी तेज गर्मी में पेयजल की उपलब्धता, बिजली की आपूर्ति व ट्रिपिंग की समस्या से निजात पाना मुश्किल हो रहा है। इस समय हीटवेव के कारण जनजीवन पूरी तरह अस्त-व्यस्त होने के साथ ही सड़कों पर कर्फ्यू जैसे हालात हो रहे हैं। असली समस्या तो सरकार के सामने पानी, बिजली और हीटवेव से प्रभावित लोगों को तत्काल इलाज की व्यवस्था सुनिश्चित करना है। आदर्श आचार संहिता लागू होने के बावजूद सभी प्रदेशों की सरकारें बेहतर प्रबंधन कर रही है। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा 29 मई को जहां स्वयं भर दोपहरी सिर पर गमछा लपेट राजस्थान की राजधानी जयपुर में पेयजल व्यवस्था को देखने निकल पड़े तो निश्चित रुप से प्रशासन और आमजन में एक संदेश गया हैं वहीं प्रदेष के सभी जिलों में 28 व 29 मई को दो दिन के लिए सभी प्रभारी सचिवों को प्रभार वाले जिलों में जाकर पानी, बिजली, दवा, ईलाज आदि की व्यवस्थाओं का जायजा लेने भेजकर साफ संकेत दे दिए हैं। गंभीरता को इसी से समझा जा सकता है कि जहां दो दिन तक सरकार के वरिष्ठ अधिकारी इस गर्मी के मौसम में अपने कार्यालयों से निकल कर जिलों में स्थानीय प्रशासन व जिले के अधिकारियों के साथ व्यवस्थाओं की समीक्षा कर रहे हैं वहीं आपदा के इस दौर में आवश्यक दिशा-निर्देश देकर लोगों को राहत पहुंचाने में जुट गए हैं। बात यहीं समाप्त नहीं हो जाती क्योंकि मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा और मुख्य सचिव सुधांश पंत स्वयं प्रभारी सचिवों व जिला कलक्टरों सहित अधिकारियों से 31 मई को संवाद कायम कर फीड बैक लेने के साथ ही आवश्यक दिशा-निर्देश देंगे। राजस्थान तो एक उदाहरण है पर कमोबेस इस तरह के प्रयास हीटवेव से प्रभावित अन्य राज्यों में भी किये जा रहे होंगे, इससे इंकार नहीं किया जा सकता। सामान्यतः एक मार्च से लेकर 21 जून तक सूर्य देव धरती के नजदीक होते हैं। देशी पंचाग के अनुसार नौतपा चल रहा है और माना जाता है कि इन नौ दिनों तक गर्मी का असर कुछ अधिक ही रहता है। भारतीय मौसम विज्ञान विभाग के प्रमुख मृत्युजंय महापात्र के अनुसार आने वाले दिनों में पश्चिमी विक्षोभ और अरब सागर में नमी के कारण गर्मी से राहत मिलने के आसार अवश्य है। पर सवाल यह है कि इस भीषण लू या यों कहें कि हीटवेव के लिए बहुत कुछ हम भी जिम्मेदार है।

आज शहरी करण और विकास के नाम पर प्रकृति को विकृत करने में हमनें कोई कमी नहीं छोड़ी है। पेड़ों की खासतौर से छायादार पेड़ों की अंधाधुंध कटाई में हमने कोई कमी नहीं छोड़ी तो दूसरी और चाहे गांव हो या शहर आंख मींचकर कंक्रिट का जंगल खड़ा करते रहे और उसका दुष्परिणाम सामने हैं। जल संग्रहण के परंपरागत स्रोतों को नष्ट करने में भी हमने कोई गुरेज नहीं किया। हमारे यहां मौसम के अनुसार खान-पान की समृद्ध परंपरा रही है पर उसे आज भुला दिया गया है। मौसम विज्ञानियों का मानना है कि पहले समुद्र में तापमान बढ़ने के साथ ही आंधी तूफान का माहौल बन जाता था और बरसात होने से लोगों को तात्कालीक राहत मिल जाती थी। पर आज तो समुद्र का तापमान बढ़ने के बावजूद हीटवेव का असर ही अधिक हो रहा है।ऐसे में अब तात्कालीक व दीर्घकालीक योजनाएं बनाकर भविष्य की रुपरेखा तय करनी होगी। क्योंकि यह तो साफ हो चुका है कि प्रकृति का हमनें इतना दोहन कर लिया है कि हालात निकट भविष्य में सुधरने की लगते नहीं हैं। अब सुविधाओं और प्रकृति के बीच सामंजस्य की और ध्यान देना होगा नहीं तो आने वाले साल और अधिक चुनौती भरे होंगे। कंक्रिट के जंगलों से लेकर हमारे दैनिक उपयोग के अधिकांश साधन तापमान को बढ़ाने वाले ही हैं। इस चुनौती से निपटना ही होगा। अब सम्मेलनों के प्रस्तावों से आगे बढ़कर क्रियान्वयन पर जोर देना होगा।

## तस्वीरों की दुनिया



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कन्याकुमारी में भगवती अम्मन मंदिर का दौरा किया।



केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर को हमीरपुर में लोकसभा चुनाव के अंतिम चरण से पहले एक चुनावी रैली के दौरान उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा स्मृति चिन्ह भेंट किया गया।



केंद्रीय सड़क परिवहन और राजमार्ग मंत्री और भाजपा नेता नितिन गडकरी हिमाचल प्रदेश के करसोग में लोकसभा चुनाव के लिए एक सार्वजनिक बैठक के दौरान पार्टी उम्मीदवार कंगना रनौत के साथ।



भाजपा महिला मोर्चा की सदस्यों ने जल संकट के मुद्दे पर दिल्ली की मंत्री आतिशी सिंह के आवास पर प्रदर्शन किया।



केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने ओडिशा के जाजपुर में लोकसभा चुनाव के लिए एक चुनावी रैली को संबोधित किया।



कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी ने शिमला के जाखू मंदिर में पूजा-अर्चना की।




भारतीय वायुसेना का एक दल अलास्का में बहुराष्ट्रीय अभ्यास रेड फ्लैग 24 के आगामी संस्करण में भाग लेने के लिए अमेरिकी वायुसेना के एयेल्सन वायुसेना अड्डे पर पहुंचा।

# पीएम मोदी की ध्यान-साधना के पीछे क्या ये है असल वजह, विपक्ष के नेताओं ने किया बड़ा दावा



नईदिल्ली, 31 मई [एजेंसी]।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा कन्याकुमारी में 45 घंटे की ध्यान साधना शुरू किए जाने पर विपक्ष के नेताओं ने तंज कसा है। सपा अध्यक्ष अखिलेश यादव, राजद नेता तेजस्वी यादव और बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने इसे प्रचार पाने का तरीका करार दिया है। अखिलेश यादव ने कहा कि छह चरणों में हुए चुनाव को देखकर भाजपा पूरी तरह लड़खड़ा गई है। उसको आईएनडीआईए का मतलब समझ में नहीं आ रहा है। वह इतनी घबराई हुई है कि आईएनडीआईए को इंडी गठबंधन बोल रही है। उन्होंने कहा कि सातवें चरण में काशी की सीट भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी हारने वाले हैं। यही वजह है कि अब पीएम तपस्या और ध्यान करने चले गए हैं। कितनी भी तपस्या कर लें, जनता उन्हें छोड़ेगी नहीं। बाद में बताएंगे कि तपस्या में कुछ कमी रह गई। अखिलेश ने कहा कि 10 वर्षों में उन्होंने सिर्फ झूठ बोला है। वह ऊपर से नीचे गिरते जा रहे हैं, उनकी जुबान भी लड़खड़ा गई है। बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री और राजद नेता तेजस्वी यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ध्यान लगाने नहीं, बल्कि फोटो खिंचवाने और फिल्म बनवाने जा रहे हैं। पिछली बार गुफा में बैठकर फोटो खिंचवा रहे थे। मोदीजी से आग्रह है कि ध्यान लगाने जा रहे हैं तो ध्यान में बाधा उत्पन्न करने वाली चीजें साथ में न लेकर जाएं। ध्यान बंटाने वाली चीजों से परहेज करें और कैमरे वगैरह पर रोक लगाएं।बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भी पीएम मोदी के कन्याकुमारी में ध्यान लगाने को लेकर सवाल किया। कहा कि प्रधानमंत्री की कुर्सी बहुत मूल्यवान है और इसकी संवैधानिक जिम्मेदारियां हैं, लेकिन उन्हें (मोदी व भाजपा को) इसकी परवाह नहीं है। उन्होंने आरोप लगाया कि हर चुनाव में अंतिम चरण के मतदान से 48 घंटे पहले मोदी प्रचार पाने के लिए कहीं ध्यान पर बैठ जाते हैं। पीएम ने 2019 के चुनाव अभियान के बाद केदारनाथ की गुफा में इसी तरह का ध्यान किया था। ममता ने कहा कि वह ध्यान कर सकते हैं, लेकिन कैमरों की मौजूदगी में क्यों। उन्होंने दावा किया कि भाजपा से प्रभावित मीडिया राजनीतिक स्वार्थों के लिए पूरे दिन इसकी फुटेज दिखाता रहेगा।कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार ने प्रधानमंत्री मोदी द्वारा कन्याकुमारी में ध्यान करने पर टिप्पणी करने से इनकार कर दिया और कहा कि यह उनका निजी मामला है। इसमें किसी को क्यों हस्तक्षेप करना चाहिए। एक सवाल के जवाब में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख ने कहा भगवान और भक्ति उनका निजी मामला है।

## बापू पर टिप्पणी के लिए पीएम मोदी के खिलाफ शिकायत दर्ज, जांच में जुटी पुलिस

**गुवाहाटी।** राष्ट्रीय पुरस्कार विजेता फिल्मकार लुइत कुमार बर्मन ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के खिलाफ महात्मा गांधी पर उनके विवादास्पद बयान के लिए पुलिस में शिकायत दर्ज कराई है। गुवाहाटी में बुधवार की रात को हातीगांव पुलिस स्टेशन में बर्मन ने पीएम मोदी के खिलाफ शिकायत दर्ज की है। उनका आरोप है कि मोदी ने राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के खिलाफ बेहद आपत्तिजनक बयान दिया है। पुलिस का कहना है कि प्राथमिक जांच शुरू कर दी गई है और इस संबंध में अब तक कोई एफआईआर दर्ज नहीं की गई है।

अपनी शिकायत में बर्मन ने कहा कि यह बहुत ही अपमानजनक बयान है और यह भारत के नागरिक को बर्दाश्त नहीं हो सकता है। नागरिक होने के नाते हम महात्मा गांधी का अपमान बर्दाश्त नहीं कर सकते हैं। उल्लेखनीय है कि एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में प्रधानमंत्री मोदी ने कहा था, पूरी दुनिया में महात्मा गांधी एक महान व्यक्ति थे।

## मानेसर की कपड़ा बनाने वाली कंपनी की बिल्डिंग में लगी भीषण आग, लाखों का माल जलकर राख

गुरूग्राम, 31 मई [एजेंसी]।

आईएमटी मानेसर के सेक्टर आठ में एक कपड़ा बनाने वाली कंपनी की बिल्डिंग में बृहस्पतिवार शाम को भीषण आग लग गई। आग लगने का कारण शार्ट सर्किट बताया जा रहा है। आग इतनी भीषण थी कि गुरुग्राम शहर के चार दमकल केंद्रों, मानेसर दमकल केंद्र, सोहना सहित हीरो तथा मारुति कंपनी की फायर ब्रिगेड भी आग बुझाने के लिए बुलानी पड़ी। आग बुझाने के लिए बीस से ज्यादा गाड़ियां देर रात तक जुटी रही। समाचार लिखे जाने तक आग से किसी के हताहत होने की सूचना नहीं थी। पूरी तरह आग बुझने और पुलिस तथा दमकल टीम द्वारा पूरी बिल्डिंग के निरीक्षण के बाद ही इसके बारे में जानकारी मिल सकेगी। सेक्टर आठ में प्लाट नंबर 408 में न्यूमेरो यूनो कंपनी की बिल्डिंग है। यहां पर शाम को लगभ् छह बजे आग लग गई।आग बिल्डिंग के भूतल, पहली और दूसरी मंजिल पर तेजी से फैल गई और एक घंटे में पूरी बिल्डिंग आग की चपेट में आ गई। आग इतनी भीषण थी कि पहले चार घंटे तक दमकलकर्मी बिल्डिंग के अंदर तक नहीं घुस पाए। यह कंपनी कपड़े बनाती है और इस बिल्डिंग में कपड़ों का स्टॉक रखा हुआ था।

कपड़ों में आग लगते ही आग तेजी से पूरी बिल्डिंग में फैल गई। हवा चलने से आग भड़क गई और लपटें तथा धुआं दूर तक दिखाई दिया।छह दमकल केंद्रों तथा कंपनियों से पहुंची दमकल शहर, मानेसर तथा सोहना के छह दमकल केंद्रों से आग बुझाने के लिए बीस से ज्यादा गाड़ियां पहुंची। इसके बावजूद रात को बजे तक आग पर काबू नहीं पाया जा सका। देर रात तक अग्निशमन विभाग की टीम आग बुझाने में जुटी रही। आग लगने की सूचना मिलने पर मौके पर पुलिस टीम भी पहुंच गई।आग से बिल्डिंग में लगे शीशे भी टूटकर गिरने लगे। बिल्डिंग के कुछ हिस्सों का प्लास्टर भी गिर गया। बिल्डिंग के अंदर बेसमेंट भी बना हुआ है।

## राजस्थान में सिलिंडर फटने से बच्चे की दर्दनाक मौत चाय की दुकान पर अचानक हुए धमाके से हुआ हादसा



जयपुर, 31 मई [एजेंसी]।

राजस्थान के भिवाड़ी में गैस का सिलिंडर फटने से सात साल का बच्चा जिंदा जल गया। बच्चा अपने चाचा की चाय की दुकान पर बैठा था। हादसे के समय चाचा मौके पर मौजूद नहीं था। पुलिस के अनुसार भिवाड़ी औद्योगिक क्षेत्र में सुरेंद्र ने चाय बनाने की दुकान लगा रखी है। सुरेंद्र का सात साल का भतीजा रितिक दुकान पर आया था। सुरेंद्र पास ही फैक्ट्री में चाय देने के लिए गया था।

रितिक दुकान पर अकेला बैठा था। इस दौरान सिलिंडर में लीकेज होने लगा, बच्चे को इसका पता नहीं चला। अचानक तेज धमके के साथ सिलिंडर फट गया और आग लग गई।इस बीच दुकान के ऊपर से गुजर रही बिजली की लाइन टूटकर गिर गई। आग की लपटें देखकर आसपास के लोग मौके पर पहुंचे। बच्चा आग की लपटों में फंस गया। दुकान में रखा फ्रीज उसके ऊपर गिर गया, जिसके कारण वह बाहर नहीं निकल सका। सूचना मिलने पर दमकल की गाड़ियां मौके पर पहुंची। आग बुझाई गई तो बच्चे का शव बाहर निकाला गया।

### 30 फीट गहरे कुएं में गिरी तीन साल की मादा हाथी वन कर्मचारियों ने रेस्क्यू ऑपरेशन चला बचाई जान

**उधगमंडलम।** बिथरकाड वन रेंज में कोलापल्ली के पास कुरिंजी नगर में बुधवार तड़के 30 फीट गहरे कुएं में गिरी तीन साल की मादा हाथी की बछड़ी को वन कर्मचारियों की टीम सहित 70 सदस्यीय टीम ने बचाया। आठ घंटे की मशक्कत के बाद दोपहर जिला वन अधिकारी वेंकटेश प्रभु के अनुसार, हाथी सुबह करीब तीन बजे संकरे कुएं में गिर गया।यह घटना गुडलूर के पास कोलापल्ली में तड़के हुई जब हाथियों के झुंड का एक बच्चा 30 फुट गहरे कुएं में गिर गया। स्थानीय लोगों ने वन विभाग को सूचित किया, जिसके बाद बचाव अभियान शुरू किया गया। उन्होंने बताया कि, हाथी को सुरक्षित स्थान पर चढ़ाने के लिए कुएं के पास रास्ता बनाने के वास्ते दो खुदाई मशीनों को तैनात किया गया था। बचाए जाने के बाद हाथी का बच्चा जंगल में चला गया। एक अधिकारी ने बताया कि वन विभाग के अधिकारी हाथी के बच्चे की निगरानी कर रहे है।

# 'ध्यान' में जाने से पहले पीएम मोदी का काशीवासियों को संदेश, भोजपुरी में कहा- एक जून को

वाराणसी, 31 मई [एजेंसी]।

लोकसभा चुनाव के आखिरी चरण में एक जून को पीएम नरेन्द्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी में भी मतदान होना है। इससे पहले पीएम मोदी ने गुरुवार को काशीवासियों के लिए एक वीडियो संदेश जारी किया है। इसमें उन्होंने काशीवासियों से एक जून को रिकार्ड मतदान करने की अपील की है। पांच मिनट 42 सेकंड के इस वीडियो में प्रधानमंत्री ने पूरा संदेश भोजपुरी में दिया है। उन्होंने कहा है, काशी के हमरे परिवार के लोगन के हमार प्रणाम। लोकसभा चुनाव के मतदान क दिन आ ही गइल हव। हमरे लिए काशी भक्ति, शक्ति अउर विरक्ति की नगरी हव। इ विश्व क सांस्कृतिक राजधानी हव। ए नगरी के प्रतिनिधि होना बाबा विश्वनाथ के असीम कृपा और काशीवासियन के कृपा से ही संभव हव। हम एहिलिए कहीला कि अब माई गंगा हमें गोद ले लेले हईं। काशी का ए बार क चुनाव नव काशी के साथ विकसित भारत क चुनाव हव। वह कहते हैं कि हमें याद है कि हमारे नामांकन के दिन युवा पीढ़ी किस तरह एक अलग तरह



के उत्साह में थी। हमारा आग्रह है कि अब यह उत्साह हर बूथ पर दिखना चाहिए। काशी के विकास को अब नई ऊंचाइयों पर ले जाने का अवसर है। यह तभी संभव होगा जब एक जून को वाराणसी के लोग भारी संख्या में मतदान करेंगे। युवाओं, महिलाओं और किसानों से विशेष आग्रह करते हुए पीएम ने कहा कि आपका एक-एक वोट हमारी ताकत बढ़ाएगा। इससे हमें नई ऊर्जा मिलेगी। आपके समाज के हर व्यक्ति, काशी के हर बुजुर्ग से मतदान करवाना है। आपको याद रखना है कि पहले मतदान, फिर जलपान। पिछले 10 वर्षों में काशी ने केंद्र सरकार की हर योजना में साथ दिया और मार्गदर्शन किया है। बाबा विश्वनाथ का भव्य धाम, रिंग रोड, रेलवे स्टेशन का विकास और गंगा घाट का विकास, सड़क परियोजनाएं, हर योजना ने न केवल काशी बल्कि पूरे पूर्वांचल को नए विकास से जोड़ा है।

अब इस विकास की गति को आपके वोट से आगे बढ़ाया जाएगा। काशी पिछले 10 वर्षों में युवा कल्याण और विकास की राजधानी बन गई है। हमने सांसद खेल प्रतियोगिता में आपका उत्साह देखा है। काशी के लाखों लोगों को मोतियाबिंद का इलाज मिल रहा है। पर्यटन विकास के कारण शहर में रोजगार बढ़ रहा है और हर योजना और अभियान काशी की युवा पीढ़ी, महिलाओं और किसानों को नई ताकत दे रहा है।

## उत्तर कोरिया की दागी मिसाइलें समुद्र में गिरीं, दक्षिण कोरिया हुआ सतर्क, अमेरिका और जापान से की जानकारियां साझा



सियोल, 31 मई [एजेंसी]।

उत्तर कोरिया ने गुरुवार को संदिग्ध बैलिस्टिक मिसाइलें पूर्वी समुद्री क्षेत्र की ओर दागी हैं। दक्षिण कोरिया की सेना का कहना है कि उत्तर कोरिया ने ऐसा कुछ दिन पहले एक उपग्रह के लांच की विफलता के बाद किया है। दक्षिण कोरिया ताजा घटनाक्रम को देखते हुए सतर्कता बढ़ा दी है और इस बारे में पूरी जानकारी अमेरिका और जापान को दी है। दक्षिण कोरिया के ज्वाइंट चीफ आफ स्टाफ का कहना है कि उन्होंने जांच में पाया कि उनकी राजधानी प्योंगयांग के पास से करीब दस कम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइलें दागी गई हैं। यह मिसाइलें उत्तर कोरिया के पूर्वी समुद्री तटों के पास गिरने से पहले करीब 350 किमी का सफर तय कर चुकी थीं। दक्षिण कोरिया ने उत्तर कोरिया की गतिविधियों को देखते हुए सर्तकता और सैन्य तैनाती बढ़ा दी है और अपने मित्र देशों अमेरिका और जापान से इस संबंध में जानकारियां साझा की हैं। जापान के तटरक्षकों ने भी उत्तर कोरिया के ताजा घटनाक्रम पर समुद्री सुरक्षा एडवाइजरी जारी की है। साथ ही वहां अभ्यास कर रहे जहाजों से किसी गिरती हुई वस्तु से सावधान रहने को कहा है।जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने संवाददाताओं से कहा कि संदिग्ध मिसाइलें जापान के विशिष्ट आर्थिक जोन के बाहर जलक्षेत्र में गिरी हैं। वहां किसी तरह के नुकसान की फिलहाल कोई सूचना नहीं है। उन्होंने कहा कि टोक्यो इस घटना की कड़ी निंदा करता है।

# देश में बदलाव का माहौल..., वेणुगोपाल ने बताया भाजपा को यूपी बिहार समेत इन राज्यों में होगा नुकसान

नईदिल्ली, 31 मई [एजेंसी]।

कांग्रेस के संगठन महासचिव केसी वेणुगोपाल ने कहा कि देश में बदलाव का माहौल है। इस लोकसभा चुनाव में विपक्षी गठबंधन आईएनडीआईए को जनादेश मिलेगा। भाजपा को उत्तर प्रदेश, बिहार और महाराष्ट्र में भारी नुकसान उठाना पड़ेगा।उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने लोकसभा चुनाव को गरीब बनाम अमीर के रूप में माना और लोगों के मुद्दों को लेकर आगे बढ़ी। इस बार भाजपा के लिए कोई लहर नहीं है। न ही पीएम मोदी का



असर ही जमीन पर नजर आया। वेणुगोपाल ने एक साक्षात्कार में कहा कि नतीजे आने के बाद विपक्षी गठबंधन प्रधानमंत्री को लेकर जल्द निर्णय करेगा। यह निर्णय सभी घटक दलों से बातचीत के आधार पर किया जाएगा। उन्होंने निर्वाचन आयोग पर भी निशाना साधा। आरोप लगाया कि पूरे चुनाव अभियान में पारदर्शिता की कमी देखी गई।

कहा कि निर्वाचन आयोग को स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव कराने के लिए रेफरी के रूप में तटस्थ होना होता है, लेकिन ऐसा कुछ भी अनुभव नहीं हुआ। कांग्रेस नेता ने कहा कि आईएनडीआईए अच्छी संख्या में सीट जीत रहा है। स्पष्ट जनादेश मिलने वाला है। भाजपा और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पूरी तरह से राम मंदिर पर निर्भर थे।

## श्रीलंका ने जस्टिन ट्रूडो पर वोट बैंक की राजनीति करने का लगाया आरोप, पटलवार करने पर बदले कनाडा के सुर



कोलंबो, 31 मई [एजेंसी]।

श्रीलंकाई सरकार ने लिट्टे के खिलाफ जातीय संघर्ष के बारे में लगातार झूठी कहानी फैलाकर वोट बैंक की राजनीति में शामिल होने के लिए फिर से कनाडाई प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो की आलोचना की है। श्रीलंका के विदेश सचिव विजेवर्धने ने कनाडा से रचनात्मक तरीके से जुड़ने और बातचीत का अनुरोध किया है। बैठक में कनाडा के उच्चायुक्त एरिक वाल्श, कनाडाई उच्चायोग के अधिकारी और विदेश मंत्रालय के वरिष्ठ अधिकारी भी उपस्थित थे। ट्रूडो ने 18 मई को तमिल नरसंहार स्मरण दिवस के रूप में नामित किया, जो श्रीलंका में खूनी संघर्ष की समाप्ति के 15 साल पूरे होने का प्रतीक है।

दो साल पहले कनाडा की संसद ने सर्वसम्मति से 18 मई को तमिल नरसंहार स्मरण दिवस के रूप में मान्यता देने के लिए मतदान किया था। कनाडा के प्रधानमंत्री ने कहा, हम हमेशा संघर्ष के दौरान किए गए अपराधों के साथ-साथ श्रीलंका में सभी को होने वाली कठिनाइयों के लिए न्याय और जवाबदेही की वकालत करेंगे। कोलंबो ने नरसंहार के आरोपों पर तुरंत प्रतिक्रिया व्यक्त की और कनाडाई पीएम पर चुनावी वोट बैंक की राजनीति में शामिल होने का आरोप लगाया।

# ईरान में राष्ट्रपति पद के लिए मास्टर डिग्री होनी जरूरी, चुनाव लड़ने के लिए जान लें कितनी है उम्मीदवारों की उम्र सीमा

दुबई, 31 मई [एजेंसी]।

ईरान में 28 जून को राष्ट्रपति चुनाव होने हैं। चुनाव में शामिल होने वालों के लिए कम से कम मास्टर डिग्री जरूरी है। चुनाव लड़ने की इच्छा रखने वालों को रजिस्ट्रेशन के लिए पांच दिन का समय दिया गया है। हेलीकॉप्टर दुर्घटना में इब्राहिम रईसी की मौत के बाद यह पद रिक्त हो गया है। रजिस्ट्रेशन अवधि मंगलवार को समाप्त



हो जाएगी। चुनाव में शामिल होने वाले 40 से 75 वर्ष के बीच के उन संभावित उम्मीदवारों पर विचार किया जाएगा, जिनके पास कम से कम मास्टर डिग्री होगी। उम्मीदवारों को अंततः ईरान की 12 सदस्यीय गार्जियन काउंसिल द्वारा अनुमोदित किया जाना अनिवार्य होगा।

काउंसिल मौलवियों और न्यायविदों का एक पैनल है जो सर्वोच्च नेता अयातुल्ला अली खामेनेई की देखरेख में संचालित होता है। पैनल ने कभी भी किसी महिला या देश के शासन के भीतर आमूल-चूल परिवर्तन की मांग करने वाले किसी व्यक्ति का आवेदन स्वीकार नहीं किया है। उम्मीद है कि गार्जियन काउंसिल 10 दिनों के भीतर अपने उम्मीदवारों की अंतिम सूची जारी कर देगी। इससे जून के अंत में मतदान से पहले दो सप्ताह के कैंपेन का मौका मिल जाएगा।

# लड़की से छेड़छाड़ का विरोध करने पर क्लासमेट ने छात्र को मारी गोली, घरवालों का आरोप- भाजपा को वोट देने पर की गई हत्या

हरदोई, 31 मई [एजेंसी]।

मामूली से विवाद की रंजिश में इंटर के छात्र ने अपने साथियों के साथ सहपाठी की तमंचा से गोली मारकर हत्या कर दी। मंगलवार को दोनों के बीच हाथापाई हुई थी। उस दिन तो मामला शांत हो गया, लेकिन गुरुवार को हमलावर ने अपने साथी के साथ घेर कर छात्र के गोली मार दी। गंभीर हालत में उसे मेडिकल कॉलेज लाया गया, जहां पर उसकी मौत हो गई। मृतक के हिंदू और हमलावरों के मुस्लिम होने से सनसनी फैल गई। पुलिस फोर्स मौके पर पहुंचा। एसपी ने मेडिकल कालेज पहुंचकर जानकारी ली। उन्होंने बताया कि तहरीर के आधार पर एफआईआर दर्ज होगी।पाली क्षेत्र के ग्राम इस्माइलपुर के युवराज सिंह कस्बा सरस्वती शिशु मंदिर में 12 वीं की पढ़ाई करता था। उसके साथ ही पढ़ाई करने वाले मुहल्ला बाजार निवासी अदनान, मंगलवार को युवराज सिंह से बहस कर रहा था और बहस के बीच ही दोनों के बीच हाथापाई हो गई थी, लेकिन लोगों ने बीच-बचाव कर दिया था। जैसा कि बताया गया कि गुरुवार को युवराज अदनान के घर उलाहना देने गया था। उसी दौरान अदनान ने अपने साथी जुनैद व कुछ अन्य साथियों के साथ मिलकर युवराज सिंह को घेर लिया। विरोध करने



पर अदनान ने युवराज को तमंचे से गोली मार दी। सीने में गोली लगने से वह खून से लथपथ होकर जमीन पर गिर गया। दिन दहाड़े हुए घटना से सनसनी फैल गई और दोनों हमलावर मौके से फरार हो गए। सूचना पर पहुंची पुलिस ने घायल युवराज को अस्पताल भिजवाया, लेकिन उसकी मौत हो गई।

युवराज सिंह के परिवार वालों ने घटना के विरोध में अस्पताल में हंगामा भी किया। हालांकि, घरवालों का कहना है कि लड़की का कोई मामला नहीं था। हमलावरों ने रंजिशन युवराज को घेर कर गोली मार दी। एसपी केसी गोस्वामी ने बताया कि घटना का कारण स्पष्ट नहीं हो सका है।

घरवाले जो तहरीर देंगे, उसके आधार पर ही एफआईआर दर्ज कर कार्रवाई होगी।हत्या के पीछे वैसे तो अन्य कारण बताए जा रहे हैं, लेकिन युवराज सिंह के परिवार के चाचा और कुछ अन्य लोगों का आरोप है कि भाजपा को वोट देने पर युवराज सिंह की हत्या हुई। आरोप है कि हमलावरों ने भाजपा को वोट देने को लेकर ही बहस की थी और उनका कहना था कि सपा को वोट दो। उसी रंजिश में उन लोगों ने हत्या कर दी। वैसे पुलिस घटना के पीछे एक लड़की को लेकर हुआ विवाद बता रही है।

## पैसा कमाने के लिए Social Media पर सक्रिय महिला कमांडो निलंबित, DGP ने विभागीय कार्यवाही के दिए निर्देश



गुवाहाटी, 31 मई [एजेंसी]।

असम पुलिस की एक महिला कमांडो को पैसा कमाने के लिए इंटरनेट मीडिया का उपयोग करने के आरोप में निलंबित कर दिया गया। डीजीपी जीपी सिंह ने कहा कि उसके खिलाफ विभागीय कार्यवाही शुरू की गई है।एक्स पर एक पोस्ट में डीजीपी ने कहा कि इंटरनेट मीडिया पोस्ट की नियमित निगरानी के दौरान यह देखा गया कि महिला कर्मी व्यावसायिक उपयोग के लिए इंटरनेट मीडिया प्लेटफॉर्म का उपयोग कर रही थी। उन्होंने कहा कि सरकारी कर्मचारियों की कोई भी व्यावसायिक गतिविधि नियमों का उल्लंघन है।

सिंह ने कहा कि पुलिस कर्मियों को नियमित रूप से सलाह दी जाती है कि वे ऐसे उद्देश्यों के लिए इंटरनेट मीडिया का उपयोग न करें, जो सरकारी नियमों और नीतियों के खिलाफ हों।साथ ही डीजीपी ने सभी पुलिस कर्मियों को इस तरह की गतिविधियों से दूर रहने की चेतावनी दी है। महिला पुलिसकर्मी राज्य की विशिष्ट महिला कमांडो बल वीरांगना की सदस्य है। उन्होंने इंटरनेट मीडिया पर एक लॉटरी एप के लिए मॉडलिंग की थी।

# लगातार हो रहे हादसे के बाद कालीघाट में नए पुल का रास्ता साफ

## एनएच-43 पर बनी समस्या को लेकर अब हो रहा काम



**बिश्रामपुर।** अंबिकापुर राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में अंबिकापुर और बिश्रामपुर के बीच दुर्घटना के लिए संवेदनशील कालीघाट इलाके को नया रूप देने की तैयारी आरंभ हो गई है। तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण इस हिस्से में जल्द ही चौड़ी सड़क और एक नया पुल तैयार किया जाएगा। दशकों पुरानी पुलिया की जगह नया पुल तैयार किया जा रहा है। 16 मीटर लंबे और 16 मीटर चौड़े इस पुल के निर्माण के साथ लगभग दो किलोमीटर सड़क का चौड़ीकरण भी किया जाएगा।

सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय द्वारा स्वीकृत इस निर्माण के तहत इन दिनों पुल बनाने का काम चल रहा है। राष्ट्रीय राजमार्ग द्वारा निर्माण से पूर्व इस मार्ग में एक एप्रोच सड़क भी बना दी गई है। जल्द ही इस पर डामरीकरण भी कर दिया जाएगा ताकि बारिश के दिनों में राष्ट्रीय राजमार्ग के इस हिस्से में आवागमन बाधित न हो। इस निर्माण कार्य पर सात करोड़ 36 लाख की लागत आएगी और नौ माह के भीतर निर्माण को पूरा करना है अंबिकापुर से करीब सात किलोमीटर दूर कालीघाट इलाके में आए दिन दुर्घटना होती है। घुमावदार और तकनीकी रूप से त्रुटिपूर्ण इस सड़क के साथ पुरानी दबी हुई पलिया दुर्घटना की बड़ी वजह मानी जाती है। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में कटनी गुमला के बीच का यह हिस्सा आज तक नहीं सुधर पाया। राष्ट्रीय राजमार्ग के मानक के अनुसार ऐसे हिस्से को बेहतर ढंग से बनाने का प्रविधान है। लिहाजा सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्रालय ने निर्माण को मंजूरी दी है। यहां निर्माण के लिए काम तेजी से किया जा रहा है। पुल का पाया तैयार करने काम चल रहा है। आने वाले दिनों में बारिश को देखते हुए जितना काम हो सके उतना किया जा रहा है। विभाग की कोशिश है कि पुल का निचला स्ट्रक्चर तैयार हो जाए ताकि बारिश में भी काम बाधित न हो। राष्ट्रीय राजमार्ग विभाग के कार्यपालन अभियंता नितेश तिवारी ने बताया कि कालीघाट के पास नवीन पुल के साथ दो किमी चौड़ी सड़क बनाई जाएगी। एक किलोमीटर सड़क का हिस्सा सूरजपुर रोड की ओर और एक किलोमीटर का हिस्सा अम्बिकापुर की ओर तैयार किया जाएगा। यहां पर सड़क की चौड़ाई लगभग सात मीटर है जिसे बढ़ाकर अब 10 मीटर कर दिया जाएगा। चौड़ी सड़क और नया पुल तैयार होने के बाद कालीघाट के पास के हिस्से को काफी हद तक सुधार दिया जाएगा। राष्ट्रीय राजमार्ग 43 में महावीरपुर और अक्षर स्कूल के पास भविष्य में दो बाईपास तैयार होने वाले हैं। एक बाईपास मनेंद्रगढ़ रोड को सीधे बिलासपुर और रायगढ़ रोड को जोड़ेगा और दूसरा बाईपास रामानुजगंज रोड की ओर निकलेगा। चूंकि यहां पर दो बाईपास तैयार हो रहे हैं इसलिए यहां पर सड़क की चौड़ाई भी बढ़ाना जरूरी था। कालीघाट के पास जिस हिस्से में पुल तैयार हो रहा है वहां से एक किलोमीटर की सड़क जो नई तैयार की जा रही है इस बाईपास को साथ में लेते हुए आगे तक जाएगी। नई सड़क की चौड़ाई लगभग 10 मीटर है इससे भविष्य में जब भी बाईपास तैयार होगा तो वाहन चालकों को आने-जाने में परेशानी का सामना नहीं करना पड़ेगा और यातायात भी प्रभावित नहीं होगी। कालीघाट के पास वर्तमान में सड़क की चौड़ाई सात मीटर है उसे अंबिकापुर और सूरजपुर दोनों तरफ एक-एक किलोमीटर 10 मीटर चौड़ी सड़क बनाने की योजना है। इन दोनों हिस्सों में सड़क के किनारे काफी संख्या में पेड़ है जो सड़क की चौड़ाई बढ़ाने के दौरान प्रभावित होंगे। इसके लिए राष्ट्रीय राजमार्ग ने मंजूरी ले ली है और पेड़ काटने के लिए जरूरी राशि है विभाग द्वारा जारी कर दी गई है। सड़क का काम शुरू हो उससे पहले पेड़ों की कटाई की जाएगी। दो किमी सड़क चौड़ीकरण में काफी पेड़ सड़क किनारे से हटेंगे। यही पेड़ कई बार हादसों का कारण बनते हैं, लिहाजा सड़क चौड़ीकरण से यहां पर आवागमन सुगम होगा।

# वाहन चालान की राशि कोष के बजाय अपने खाते में किया जमा, आरक्षक गिरफ्तार



**सूरजपुर।** थाना जयनगर का समन शुल्क राशि जमा करने संबंधी वर्ष 01/2014 से 06/2017 तक का सत्यापन कराने प्रतिवेदन जिला कोषालय सूरजपुर को भेजा गया था जो कोषालय के द्वारा माह जनवरी 2014 से 31 दिसम्बर 2023 तक सूची अनुसार ईकोष डाटा में मिला कर सत्यापन कर जानकारी प्रदाय किया गया जिसमें दिनांक 01/01/2014 से 30/03/2016 तक कुल 72 पृथक-पृथक चालानों के माध्यम से उक्त अवधियों में विभिन्न तिथियों में जमा की गई समन शुल्क की कुल राशि 979400/- रूपये का ईकोष में डाटा नहीं खुलने के कारण सत्यापन नहीं किया जाना लेख किया गया है। इसी प्रकार 2016 से 2023 तक कुल 56 चालानों के माध्यम से विभिन्न तिथियों में मोटर यान अधिनियम के तहत वसूल की गई समन शुल्क राशि कुल 17,66,860/- रूपये को साईबर ट्रेजरी में जमा नहीं होना लेख कर दिया गया है।

उक्त अवधि में अंकित राशियों को थाना जयनगर के रिकार्ड के अनुसार पूर्व में पदस्थ आरक्षक क्रमांक 537 दीपक सिंह पिता कामेश्वर सिंह जिसे नियमित कोर्ट कार्य डाक वितरण एवं समन शुल्क की राशि बैंक में जमा करने हेतु लगाया गया था और जिसे उपरोक्त चालान दिनांक में उल्लेखित राशियों को जमा करने हेतु दिया गया था जो आरक्षक द्वारा जमा करने हेतु दी गई राशियों का भारतीय स्टेट बैंक शाखा सूरजपुर का सील लगा एवं हस्ताक्षर किया हुआ चालान पावती लाकर थाना में प्रस्तुत किया गया। आरक्षक द्वारा प्रस्तुत किये गये उक्त सभी चालान पावतियों में आरक्षक का नाम एवं हस्ताक्षर किया हुआ है तथा मुख्य शीर्ष 0041, वाहनों पर कर लघु शीर्ष 800 अन्य प्रति योजना क्रमांक 0766 तथा मुख्य शीर्ष 001, वाहनों पर कर लघु शीर्ष 800 अन्य प्रति योजना क्रमांक 766 पर समन शुल्क जमा होना लेख है, चालान पावती वर्षवार संधारित समन शुल्क रजिस्टर में चस्पा किया हुआ है, जिसका जिला कोषालय सूरजपुर द्वारा सत्यापन करने पर बैंक से उपरोक्त राशियों को कोषालय में जमा होना नहीं पाया गया, इस प्रकार थाना के रिकार्ड एवं जिला कोषालय अधिकारी सूरजपुर से प्राप्त सत्यापन रिपोर्ट पर से आरक्षक 537 दीपक सिंह के द्वारा थाना जयनगर में पदस्थ रहते हुये अपने शासकीय पदीय कर्तव्य के दौरान थाना जयनगर के मोटरयान अधिनियम के तहत वर्ष 2016 से वर्ष 2023 तक की अवधि में वसूल की गई शासकीय राशि कुल 17,66,860/- रूपये को भारतीय स्टेट बैंक शाखा सूरजपुर बैंक की फर्जी स्टाम्प सील एवं हस्ताक्षर कर कुटरचित दस्तावेज तैयार कर शासकीय मद की राशि का धोखाधड़ी कर गबन कर राशि को जमा नहीं किया गया जो आरक्षक दीपक सिंह का कृत्य प्रथम दृष्टया अपराध धारा 409, 420, 467, 468, 471 भादंसं के तहत पाये जाने से अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना कार्यवाही में लिया गया। विवेचना दौरान उक्त अवधि का बैंक से जानकारी लिया गया जो भारतीय स्टेट बैंक से वर्ष 2020 से 2022 तक की जानकारी प्राप्त हुई जो उक्त अवधि में राशि बैंक में जमा होना नहीं पाया गया है। प्रकरण में विवेचना से आरोपी आरक्षक दीपक सिंह पिता कामेश्वर सिंह उम्र 36 वर्ष निवासी माईनस कालोनी विश्रामपुर जिला सूरजपुर (छ0ग0) के द्वारा सदर धारा का अपराध घटित करना पाये जाने से उसके संबंध में अपराध कायमी की सूचना एवं आरक्षक को गिरफ्तार करने की अनुमति प्राप्त कर विधिवत् 30/05/2024 को गिरफ्तार किया गया है।

### स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया आदेश

## भीषण गर्मी व लू को देखते हुए समर कैम्प होंगे स्थगित

**कोरिया।** प्रदेश में भीषण गर्मी, लू चलने की वजह से प्रदेश में चल रहे समर कैम्प को स्थगित करने का आदेश आज छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग ने जारी किया है। जानकारी के मुताबिक प्रदेश में ग्रीष्मकालीन अवकाश के दौरान छात्र-छात्राओं को रचनात्मक गतिविधियों में संलग्न कर उनमें बहुमुखी कौशल के विकास हेतु समर कैंप का आयोजन किए जा रहे थे, किंतु प्रदेश में पड़ रही भीषण गर्मी एवं लू को मद्देनजर रखते हुए शासन द्वारा आयोजित किए जा रहे समर कैंप को तत्काल प्रभाव से स्थगित करने का आदेश जारी की गई है।

## अव्यवस्थित यातायात महलपारा तिराहे पर सकरी सड़क से लग रहा जाम



**कोरिया बैकुंठपुर।** जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के महलपारा तिराहे के आसपास लगने वाली जाम से लोग खासे परेशान हैं। नगर पालिका कार्यालय से कुमार चौक तक दोपहर के वक्त भी वाहनों की गति थम जाती है। दरअसल, महलपारा तिराहे से बड़े वाहनों को निकलने में दिक्कत होती है। सकरी सड़क होने से भवानी तिगड्डा तक रोजाना ही दिन में कई बार जाम की स्थिति बन जाती है। आपको बता दें कि शहर के एनएच सड़क पर ट्रैफिक ज्यादा होता है। यात्री बसों के अलावा कई भारी वाहन शहर से होकर गुजरते हैं। ऐसे में भारी वाहन जब महलपारा तिराहे से बिलासपुर स्टेट हाइवे की ओर मुड़ते हैं तो जाम लग जाता है। शहरवासी सकरी सड़क के चौड़ीकरण को लेकर कई समय से मांग कर रहे हैं। बावजूद सड़क चौड़ीकरण नहीं हो सका है। जाम लगने से वाहन चालकों को परेशानी होती है। कई बार 10 मिनट तक वाहन यहां से निकल नहीं पाते हैं। इससे भी खराब हालत बाजारपारा सड़क की है। अतिक्रमण व संकरी सड़क से इससे निकलना वाहन चालकों के लिए मुश्किल भरा हो जाता है। गुरुवार, रविवार को साप्ताहिक बाजार के अलावा अन्य दिन भी यहां फुटकर की दुकानें लगी रहती हैं। वहीं सब्जी विक्रेता भी सड़क किनारे ही बैठते हैं। इससे जाम की स्थिति बनती है।

## पासपोर्ट सत्यापन के नाम पर रिश्वत लेते सरकारी अधिकारी को एसीबी ने पकड़ा



**बलरामपुर।** एंटी करप्शन ब्यूरो अंबिकापुर की टीम ने गुरुवार को अंबिकापुर के पासपोर्ट कार्यालय में ?8000 की रिश्वत लेते जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट आफिसर को रंगे हाथों गिरफ्तार किया है। आरोपित संकट मोचन राय पासपोर्ट वेरिफिकेशन के नाम पर रिश्वत ले रहा था। रिश्वतखोरी के विरुद्ध अंबिकापुर एंटी करप्शन ब्यूरो टीम की 10 दिन के भीतर यह दूसरी बड़ी कार्रवाई है।

जानकारी के अनुसार बलरामपुर जिले के दोलंगी निवासी इसरार अंसारी सहित कुल चार लोगों ने पासपोर्ट वेरिफिकेशन के लिए अंबिकापुर के प्रधान डाकघर के बगल में स्थित पासपोर्ट कार्यालय में आवेदन किया था। यहां पदस्थ जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट आफिसर संकट मोचन राय द्वारा इनका कार्य नहीं किया जा रहा था। पिछले एक माह से आवेदक कार्यालय आ रहे थे लेकिन उनका पासपोर्ट वेरिफिकेशन नहीं हो रहा था। जब इन्होंने अधिकारी से संपर्क किया तो उन्होंने प्रति व्यक्ति तीन - तीन हजार रिश्वत की मांग की। आवेदक राशि देने के बजाय उसे रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार कराना चाह रहे थे, इसलिए रिश्वत मांगने संबंधी शिकायत एसीबी के अंबिकापुर स्थित कार्यालय में की गई। एसीबी के अधिकारियों ने शिकायतकर्ताओं और अधिकारी के बीच बातचीत का आडियो सुना। पासपोर्ट कार्यालय के अधिकारी द्वारा रिश्वत मांगे जाने की पुष्टि के बाद कार्रवाई की योजना बनाई गई। आवेदक इसरार अंसारी ने बताया कि जब उन्होंने 3000 के बदले प्रति व्यक्ति 2000 रुपये देने सहमति दी तब जूनियर पासपोर्ट असिस्टेंट आफिसर ने पासपोर्ट वेरिफिकेशन करने का वादा किया। इस आधार पर एसीबी के अधिकारियों ने केमिकल लगे 8000 के नोट देकर आवेदक को अंबिकापुर के पुराना बस स्टैंड स्थित प्रधान मुख्य डाकघर के बगल में पासपोर्ट कार्यालय भेजा। कार्यालय में अधिकारी ने जैसे ही 8000 रुपये की रिश्वत ली, पहले से मुस्तैद एसीबी के अधिकारी कर्मचारियों ने उसे रंगे हाथों पकड़ लिया। कार्यालय में ही सारी जरूरी प्रक्रियाएं पूरी करने के बाद एसीबी की टीम ने अधिकारी को गिरफ्तार कर लिया है। यह कार्रवाई एंटी करप्शन ब्यूरो अंबिकापुर के डीएसपी प्रमोद खेस के नेतृत्व में की गई है।बताते चले की लगभग 10 दिन पहले एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम ने अंबिकापुर के नगर तथा ग्राम निवेश कार्यालय में दबिश देकर रिश्वत लेते दो अधिकारियों को गिरफ्तार किया था। एंटी करप्शन ब्यूरो की टीम रिश्वतखोरों के विरुद्ध लगातार कार्रवाई कर रही है।

## घर से हजारों रुपए के जेवर पार

**रायपुर।** जगन्नाथ मंदिर के पास स्थित मकान से अज्ञात चोर ने सोने-चांदी के जेवर पार कर दिए। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। प्रार्थी योगेश डागा 48 वर्ष जगन्नाथ मंदिर के पास पड़ाव गुढ़ियारी का रहने वाला है। बताया जाता है कि अज्ञात चोर छत के रास्ते से प्रार्थी के घर में प्रवेश किया और आलमारी में रखे सोने-चांदी का जेवर पार कर दिया। चोरी गए जेवर की कीमत करीब 85 हजार रुपए के आसपास बताई जा रही है। प्रार्थी की शिकायत पर गुढ़ियारी पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ धारा 457, 380 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## सरेआम शराब पीते 18 पकड़ाए

**रायपुर।** राजधानी पुलिस ने नशेड़ियों के खिलाफ अभियान चलाकर सरेआम शराब पीते 18 लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की है। डीडीनगर पुलिस ने इंद्रप्रस्थ कालोनी रायपुरा में सरेआम शराब पीते आरोपी निरंजन कण्डरा 37 वर्ष, रमेश क्षीर सागर 51 वर्ष व नारायण दास गिलहरे 35 वर्ष को गिरफ्तार किया है।

## एंबुलेंस से अस्पताल ले जाने के दौरान भाग निकला बीमारी कैदी, दो जेल प्रहरी किये गए निलंबित



**अंबिकापुर।** केंद्रीय कारागार अंबिकापुर में निरुद्ध बंदी ,जेल प्रहरियों को चकमा देकर भाग निकला। स्वास्थ्य खराब रहने के कारण बुधवार शाम उसे मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर किया गया था। एंबुलेंस से केंद्रीय जेल से मेडिकल कालेज अस्पताल ले जाने के दौरान कूद कर वह भाग निकला। जेल प्रहरियों ने उसकी खोजबीन की लेकिन कुछ पता नहीं चला। मामले में पुलिस में शिकायत दर्ज करा दी गई है।जेल अधीक्षक ने दोनों प्रहरियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया है। जानकारी के अनुसार सरगुजा जिले के गांधीनगर थाना अंतर्गत ग्राम नर्मदापारा निवासी संजीव दास को हत्या के आरोप पर केंद्रीय कारागार अंबिकापुर में निरुद्ध किया गया था। पिछले तीन-चार दिनों से उसकी तबीयत ठीक नहीं थी। अत्यधिक बुखार और दस्त के कारण उसे केंद्रीय जेल के अस्पताल में भर्ती किया गया था। स्वास्थ्य में सुधार नहीं हो पाने के कारण जेल चिकित्सक द्वारा विशेषज्ञ चिकित्सकों से जांच और उपचार के लिए उसे मेडिकल कालेज अस्पताल रिफर किया गया था। केंद्रीय जेल में उपलब्ध एंबुलेंस से प्रहरी वेदप्रकाश तथा दयाराम को बंदी संजीव दास को मेडिकल कालेज अस्पताल में भर्ती कराने की जिम्मेदारी दी गई थी। बताया जा रहा है कि दोनों प्रहरी, बंदी को लेकर एंबुलेंस से मेडिकल कालेज अस्पताल के लिए रवाना हुए थे। एंबुलेंस छोटी है। एक प्रहरी एंबुलेंस चल रहा था और दूसरा प्रहरी बंदी की सुरक्षा में लगा हुआ था। केंद्रीय जेल से लगभग एक किलोमीटर दूर मेडिकल कालेज अस्पताल जाने वाले रास्ते में बिही बाड़ी के पास एंबुलेंस से कूद कर बंदी संजीव दास फरार हो गया। तत्काल दोनों प्रहरियों ने वाहन रोक दी तथा आसपास बंदी की खोजबीन की। जेल प्रबंधन के अलावा पुलिस को भी सूचना दी गई।

काफी तलाश करने के बाद भी बंदी का पता नहीं चल सका। देर रात घटना की रिपोर्ट थाने में दर्ज कराई गई।

## निलंबित आईएएस विश्नोई कोर्ट में होंगे पेश

**रायपुर।** ईओडब्ल्यू निलंबित आईएएस विश्नोई को कोर्ट में पेश करने प्रोडक्शन वारंट जारी किया है। इस पर तृतीय अपर सत्र न्यायाधीश दिनेश यादव की कोर्ट में सुनवाई होगी।

## गांजा तस्करी करते चार गिरफ्तार

**रायपुर।** कबीरनगर पुलिस ने लग्जरी कार से गांजा तस्करी करते चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के पास से कार में रखे 60 किलो 468 ग्राम गांजा जब्त किया है। मिली जानकारी के अनुसार कबीरनगर पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि जरवाय तालाब के पास कार क्रमांक सीजी 04 एनबी 7941 में कुछ लोग गांजा खपाने पहुंचे हुए है। सूचना पर पुलिस के टीम ने घेराबंदी कर कार सवार चार आरोपी कन्हैया सिंह 25 वर्ष, रूपेश सिंह चौहान।

## शराब दुकान से 36 लाख से अधिक का रकम पार

**रायपुर।** ट्रांसपोर्ट नगर स्थित विदेशी शराब दुकान से 36 लाख 76120 रुपए चोरी करने का मामला प्रकाश में आया है। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने चार लोगों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। मिली जानकारी के अनुसार प्रार्थी अमित शर्मा 41 वर्ष सिद्धि विनायक चौक कबीरनगर का रहने वाला है। बताया जाता है कि आरोपी कृष्ण कुमार बंजारे ट्रांसपोर्ट नगर के विदेशी शराब दुकान में काम करता था। इस दौरान आरोपी ने अपने तीन अन्य साथियों के साथ मिलकर शराब दुकान से 36 लाख 76120 रुपए चोरी कर ले गया। प्रार्थी की शिकायत पर खमतराई पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ धारा 380, 34 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## ज्वेलर्स दुकान से 26 लाख की ठगी

**रायपुर।** ज्वेलरी दुकान में काम करने के दौरान युवक ने हेरा फेरी कर 26 लाख की ठगी कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज किया है। मली जानकारी के अनुसार प्रार्थी सत्य भाठिया 24 वर्ष सैलेन्द्र नगर का रहने वाला है। प्रार्थी का होजियरी मार्केट पंडरी में कैरेट लेन आभूषण नाम से दुकान है। बताया जाता है कि आरोपी आकाश सोनी प्रार्थी के दुकान में कम्प्यूटर सिस्टम से लेन-देन का संचालन करता था। जिसमें हेराफेरी कर आरोपी ने 26 लाख की ठगी कर लिया। प्रार्थी की शिकायत पर सिविल लाइन पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420, 406 के तहत अपराध दर्ज कर जांच में लिया है।

## दुकान के बाहर खड़ी बाइक पार

**रायपुर।** मालवीय रोड स्थित रेमण्ड शोरूम के पास खड़ी बाइक को अज्ञात चोर ने पार कर दिया। प्रार्थी की शिकायत पर कोतवाली पुलिस ने अज्ञात चोर के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

# दो संदिग्ध मौत से नाराज लोगों ने एनएच पर किया जाम

**बलरामपुर।** बजरंग दल के जिला सह संयोजक सुजीत स्वर्णकार व एक युवती की संदिग्ध परिस्थिति में मिली लाश के मामले में पुलिस की जांच व कार्रवाई से असंतुष्ट लोगों ने विश्व हिंदू परिषद व बजरंग दल के बैनर तले प्रदर्शन करना शुरू कर दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर बिजली करंट से मौत की जानकारी देकर दो-तीन ग्रामीणों को हिरासत में लेने की पुलिस की कार्रवाई से लोग संतुष्ट नहीं हैं।

इस घटना के पीछे गहरी साजिश और षड्यंत्र की दिशा में पुलिस की जांच नहीं होने का आरोप लगा दोपहर तीन बजे से अंबिकापुर- रामानुजंगज राष्ट्रीय राजमार्ग पर जाम कर दिया है। बलरामपुर के चांदो चौक पर लोगों ने टायर जलाकर प्रदर्शन किया। पुलिस के विरुद्ध जमकर नारेबाजी भी की। किसी निर्वाचित जनप्रतिनिधि के इस मामले में सामने नहीं आने पर भी प्रदर्शनकारियों ने आक्रोश जाहिर किया। बजरंग दल के जिला सहसंयोजक सुजीत स्वर्णकार एवं एक युवती का शव संदिग्ध अवस्था में डूमरखी के जंगल में मिला था। घटना के विरोध में लोगों ने जोरदार प्रदर्शन किया था। कई घण्टे चले आंदोलन के दौरान पुलिस की ओर से 72 घण्टे में आरोपितों को पकड़ने पूरा प्रयास करने का आश्वासन दिया गया था। लोग इस मामले को हत्या का मान रहे थे लेकिन 72 घण्टे की अवधि पूरी होने से पहले पोस्टमार्टम रिपोर्ट में बिजली करंट से मौत की पुष्टि की गई। इस आधार पर पुलिस की जांच की दिशा बदल गई थी। वन्य प्राणियों के शिकार के लिए बिछाए गए करंट प्रवाहित तार के संपर्क में आने से दोनों की मौत की संभावना की दिशा में जांच कर रही पुलिस ने दो-तीन ग्रामीणों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू की थी। सूअर मारने के लिए बिछाए गए करंट प्रवाहित तार के चपेट में आने से मौत का कारण बताया जा था। इससे लोग संतुष्ट नहीं थे। 72 घण्टे की अवधि पूरी होते ही लोग सड़क पर उतर आए। विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के द्वारा पुलिस की कार्रवाई से असंतुष्ट होकर दोपहर तीन बजे से टायर जलाकर सड़क जाम कर दिया गया।प्रशासन के विरुद्ध जमकर नारेबाजी शुरू कर दी।विश्व हिंदू परिषद एवं बजरंग दल के विरोध प्रदर्शन को देखते हुए बड़ी संख्या में पुलिस बल मौके पर तैनात कर किया गया है। अंबिकापुर-रामानुजगंज राष्ट्रीय राजमार्ग पर आवागमन बाधित हो गया है। समाचार लिखे जाने तक आंदोलन जारी था। बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के कार्यकर्ता एवं पदाधिकारी पुलिस के जांच से असंतुष्ट होकर चांदो चौक के समीप ट्रेलर खड़ा कर एवं टायर जलाकर चक्का जाम कर दिया गया जो देर शाम तक सड़क जाम नहीं टूट सका। धरना स्थल पर पुलिस अधीक्षक डा लाल उमेद सिंह भी पहुंचे परंतु प्रदर्शकारियों के द्वारा जनप्रतिनिधि के मौके पर आने की मांग की।आंदोलन में विश्व हिंदू परिषद के जिला अध्यक्ष ललन कुशवाहा ,बजरंग दल के जिला अध्यक्ष जस्सू केसरी, अभिषेक मिश्रा, उधम सिंह मदन मोहन शर्मा के साथ बड़ी संख्या में समाज के विभिन्न वर्ग के लोग शामिल हैं। बजरंग दल के सहसंयोजक सुजीत स्वर्णकार के हत्या की निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर बजरंग दल एवं विश्व हिंदू परिषद के पदाधिकारी के साथ प्रबल प्रताप सिंह जूदेव ने पुलिस अधीक्षक से मुलाकात की। उन्होंने जन भावनाओं से पुलिस अधीक्षक को अवगत कराया। पुलिस अधीक्षक की ओर से अब तक जांच में आए तथ्यों से प्रतिनिधिमंडल को अवगत कराया गया।



# एनएच-49 में मालवाहक से भिड़ी बाइक, एक की मौत, दो घायल

## स्पीड पर नियंत्रण करने की कोशिश हो रही नाकाम



**कोरबा।** निर्माणाधीन कोरबा-चांपा नेशनल हाईवे 49बी पर प्रदूषण और बेलगाम आवाजाही के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। ग्राम कोथारी के पास आज सुबह 7.30 बजे हुए भीषण सड़क हादसे में बाइक सवार एक युवक की मौत हो गई,जबकि उसके दो अन्य साथी घायल हो गए हैं,जिन्हें उपचार के लिए अस्पताल में भर्ती किया गया है। उरगा पुलिस ने 174 सीआरपीसी के तहत मर्ग कायम कर मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए जिला अस्पताल के मर्च्यूरी भेज दिया है। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

घटना को लेकर मिली जानकारी में बताया गया कि ग्राम बरीडीह निवासी राकेश रात्रे अपने दो अन्य साथियों के साथ चांपा की तरफ गया हुआ था,वहां से घर वापसी के दौरान कोथारी चौक के पास मौजूद ब्रेकर में उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई। विपरीत दिशा से आ रहे ट्रक से भिड़कर राकेश की मौत हो गई। बताया गया कि ट्रक सोहागपुर स्थित कोल वॉशरी में कोयला लेने जा रहा था, इसी दौरान हादसा हो गया। हादसे में राकेश के दो मित्र घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर लोगों की भीड़ जुट गई,पुलिस भी मौके पर पहुंची और जांच में जुट गई। इस दौरान यहां जाम की स्थिति भी निर्मित हुई। उरगा टीआई के.के.वर्मा और उनकी टीम ने यहां का हालचाल लेने के साथ लोगों को समझा-बुझाकर शांत किया। उक्तानुसार आगे की कार्यवाही की गई। पुलिस ने बताया कि मुख्य मार्ग पर सभी वाहनों के चालकों को स्पीड लिमिट का ध्यान रखने के साथ गाड़ी चलाने के लिए कहा गया है। किसी भी तरह से याताया नियमों की अनदेखी करने पर कार्रवाई की जा रही है।

## आम पेड़ से गिरकर ग्रामीण की मौत

**कोरबा।** गर्मी के सीजन में ऊंचाई पर चढ़कर आम तोड़ने का शौक एक व्यक्ति के लिए भारी पड़ गया। 20 फीट उपर से गिरकर वह गंभीर रूप से घायल हो गया। अस्पताल पहुंचने पर उसे चिकित्सक ने मृत घोषित कर दिया। हरदीबाजार थानांतर्गत आने वाले मुक्ता गांव में यह घटना हुई। बताया गया कि 65 वर्षीय पंचराम कुर्रे बच्चों के कहने पर अपने घर के पास लगे आम के पेड़ पर चढ़ा था। आम तोड़ने के दौरान कमजोर टहनी पर उसका नियंत्रिण असंतुलित हो गया और वह अगले नीचे आ गिरा। जिस हिस्से पर उसका गिरना हुआ वहां की जमीन कठोर थी। इसके चलते ग्रामीण को गंभीर चोटें आई। उसके चीखने की आवाज सुनकर परिजन और आसपास के लोग हरकत में आए। आनन-फानन में पीड़ित को मेडिकल कॉलेज हास्पिटल कोरबा भिजवाया गया। रास्ते में ही उसकी सांसें लगभग जवाब दे चुकी थी। परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित किया गया।

# कोरकोमा में मकान से चोरी, तीन आरोपियों से काफी सामान बरामद



## जेवरातों का नहीं चला पता

**कोरबा।** कोरकोमा के प्रेमनगर स्थित मेलाराम केशरवानी के मकान से 27 मई की रात चोरी की घटना को लेकर जांच कर रही पुलिस ने तीन आरोपियों को दबोच लिया। उनके कब्जे से बाइक सहित घरेलू सामान और नगदी रकम बरामद किया गया है। जेवरातों के बारे में कोई पता नहीं चला है। आरोपी रायगढ़ और सरगुजा के रहने वाले हैं। उनके पिछले रिकार्ड के बारे में जांच की जा रही है।

28 मई को प्रार्थी के द्वारा रजगामार पुलिस चौकी में रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। जिसमें कहा गया था कि 27 मई की रात्रि 10.30 से अगली सुबह 5 बजे के मध्य चोर ने घुसकर बैंक में रखे 15 हजार नगद, रसोई से बर्तन, तेल और अन्य सामान पार दिया। देहात इलाके में हो रही चोरी की घटनाओं पर पुलिस ने निगरानी तेज की। उप निरीक्षक महासिंह धुरवे के द्वारा एएसआई राकेश सिंह व स्टाफ के साथ स्पाट का निरीक्षण किया गया। कोरकोमा में संबंधित क्षेत्र के सीसीटीवी फुटेज लिये गए। एक संदेही के फुटेज और मुखबिर की सूचना के आधार पर कैथल साय पिता सबल साय 24 वर्ष निवासी डोंगरी पहरी सोहनपुर चौकी बाखारूमा धरमजयगढ़, काकुराम शिकारी 31 वर्ष पिता बुटकुल शिकारी लखनपुर सरगुजा और पिंगल शिकारी 22 वर्ष पिता मुन्ना शिकारी निपती कापू रायगढ़ को हिरासत में लिया गया। रजगामार चौकी में पूछताछ करने पर इन्होंने मोटर साइकिल व स्कूटी का उपयोग करते हुए कोरकोमा में चोरी की घटना को अंजाम देना स्वीकार किया। आरोपियों के पास से पुलिस ने नगदी रकम व बर्तन समेत अन्य चीज बरामद किया है। याद रहे इसी इलाके में मई के प्रथम पखवाड़े में बेचली गुप्ता के मकान के पीछे से घुसकर आये अज्ञात चोरों ने जेवरात और नगदी रकम पार कर दिया था। मामले की रिपोर्ट रजगामार चौकी में दर्ज कराई गई है जिस पर अब तक किसी प्रकार के नतीजे नहीं आ सके हैं।

# पावर सिटी में 'पावर कट' समझ से परे : सोनी



**कोरबा।** गर्मी के मौसम में टेंपरेचर ज्यादा होने और हीट वेव्स के कारण जनजीवन हर तरफ समस्याग्रस्त है। छत्तीसगढ़ के लिए सर्वाधिक बिजली का उत्पादन करने वाले पावर हब कोरबा में बिजली आपूर्ति को लेकर परेशानियां लोगों को हलकान कर रही है। सामाजिक कार्यकर्ता राजू सोनी ने इस मामले में हैरानी जताने के साथ कहा है कि आखिर इसका समाधान वितरण कंपनी के अधिकारी कब तक निकाल सकेंगे।

कोरबा नगर और जिले में सार्वजनिक क्षेत्र के संस्थान एनटीपीसी के अलावा छत्तीसगढ़ इलेक्ट्रिसिटी जेनरेशन कंपनी के पावर प्लांट संचालित है इसके अलावा भारत अल्युमिनियम कंपनी के साथ-साथ कई निजी कंपनी भी पावर सेक्टर में काम कर रही है। इन सभी की भूमिका से कोरबा को पावर हब का नाम मिला हुआ है और जो इसे अलग पहचान देता है। बिजली उत्पादन के क्रम में उत्पन्न होने वाली सभी प्रकार की समस्याओं को बर्दाश्त करने के लिए केवल कोरबा जिले की जनता तैयार है लेकिन उसे ही गर्मी के मौसम में भी नियमित रूप से बिजली नहीं मिल पा रही है। शहर से लेकर ग्रामीण क्षेत्रों में बिजली आपूर्ति का बुरा हाल होना दर्शाता है कि सिस्टम में काफी झोल है।

सोनी ने कहा है कि इसी मामले को लेकर पूर्व में अनेक अवसर पर नगर में आंदोलन दिए हुए हैं और नतीजे के तौर पर अधिकारियों को दूसरी जगह पदस्थ किया गया है इतना सब कुछ होने के बावजूद बिजली आपूर्ति से संबंधित प्रणाली जस की तस है और उसमें कोई सुधार नहीं हो सका है। भले ही छत्तीसगढ़ में मानसून के जल्द आने की बात कही जा रही है लेकिन फिलहाल जिस प्रकार की समस्याएं पावर कट को लेकर बनी हुई है उसे उपभोक्ता वर्ग बेहद परेशान है।

## छात्रों को सहयोग करेगा बरेठ समाज

**कोरबा।** बरेठ समाज की बैठक पोड़ीबहार में आयोजित की गई। इस बैठक में प्रस्ताव लाया गया कि गरीब छात्रों को आर्थिक रूप से सहयोग करने की जरूरत है। इसके लिए समाज एकजुट होकर काम करेगा। इसके अलावा बीमार पड़ने पर कई बार परिवार को पैसों की आवश्यकता भी पड़ता है इसके लिए भी आगे बढ़कर लोग सहयोग करेंगे। पोड़ीबहार का सामाजिक भवन काफी छोटा है और इसे बड़ा करने के लिए प्रस्ताव लाया गया। एक समाज एक संगठन को प्राथमिकता देते हुए सभी समाज के लोगों को एक मंच पर लाने की बात कही गई। बैठक में जिलाध्यक्ष मिलापराम कर्ष, सदानंद बरेठ, दिगंबर कर्ष, संतोष कर्ष, प्रवीण रजक, प्रीतम कर्ष, गिरधारी बरेठ, रामगोविंद, प्रदीप सोनसर्वा, टेंगनू राम, राम नारायण निर्मलकर सहित अनेकों सदस्य मौजूद थे।

# मिट्टी के नमूनों से तय होता है कि खेत कितनी देंगे पैदावार



**कोरबा।** खेतों की उर्वरा शक्ति कैसी है, यह पता चलता है मिट्टी की गुणवत्ता से। कृषि विभाग की प्रयोगशाला इस काम को कर रही है। अब तक यहां 400 नमूनों की जांच की जा चुकी है।

फसलों की अच्छी मात्रा के लिए खेतों की मिट्टी की गुणवत्ता मायने रखती है। खेतों में कमी को कैसे दूर किया जाए, इसकी भी तकनीक है। कृषि अधिकारी ने बताया कि इस वर्ष हमे 8000 मिट्टी के नमूनों की जांच करना है। अब तक 400 कि जांच हुई है। अलग अलग कारणों से खेतों की पैदावार पर असर पड़ता है। प्रदूषण या अन्य कारण बंजर जमीन की कमियां दूर करने के उपाय उपलब्ध है। हम किसानों को इसकी जानकारी देते है। याद रखना होगा कि सरकार ने मिट्टी परीक्षण का कार्य निशुल्क रखा है। किसान अपने खेत की मिट्टी देकर जान सकते है कि फसल चक्र के हिसाब से उनके खेत की मिट्टी अनुकूल है या नहीं।

## बिजली की आंख मिचौली से लेमरू वासी परेशान

**कोरबा।** जिले के वनाचंल लेमरू में भीषण गर्मी के चलते तापमान काफी चढ़ा हुआ है। ऐसे में विद्युत विभाग की लचर व्यवस्था सोने में सुहागा का काम कर रही है। बिजली की आंख मिचौली से यहां के ग्रामीण काफी परेशान है। लेमरू क्षेत्र में बिजली कभी भी और किसी वक्त गुल हो जाती है। जो घंटो नही आती यदि आती भी है तो लोवोल्टेज की समस्या उत्पन्न हो जाती है। यहां के निवासियों ने बताया कि क्षेत्र में स्थित पहाड़ की वजह से कुछ ज्यादा ही गर्मी यहां पर पड़ती है 10 बजते ही पहाड़ तप जाता हैं। और लू के थपेड़े के साथ गर्मी का कहर शुरू हो जाता है। यहां गर्मी इतनी भीषण है कि ना तो लोगों के घरों में एसी काम कर रहा है। और ने ही कूलर व पंखे । ऊपर से बिजली की आंख मिचौली जारी है। गर्मी के वजह से लोग रतजगा करने को विवश है।

# हाईवा की चपेट में आने से इंटक कार्यकर्ता की मौत

## ठेका कंपनी परिजनों को दिया 3 लाख का मुआवजा



**कोरबा।** एसईसीएल की मानिकपुर परियोजना में नियोजित एक ठेका कंपनी के हाईवा ने मजदूर संघ इंटक से जुड़े कुदरी निवासी अश्वनी पटवा पिता शिव कुमार पटवा को अपनी चपेट में ले लिया था जिससे उसकी मौके पर दर्दनाक मौत हो गई थी। पटवा की मौत पर विरोध जताते हुए यूनियन प्रतिनिधियों एवं श्रमिकों ने इंटक नेता गोपाल नारायण सिंह के मार्गदर्शन में घटना स्थल पर प्रदर्शन किया था तथा मृतक के परिजनों को उचित मुआवजा तथा एक सदस्य को नौकरी दिए जाने की मांग रखी थी। जिस पर ठेका कंपनी के मैनेजर ने आश्वासन देते हुए हड़ताल को खत्म कराया था। कंपनी द्वारा आज अपने वादा अनुसार अश्वनी के परिजनों को 3 लाख रुपए का मुआवजा नगद प्रदान किया गया, साथ ही यह भी कहा कि मृतक के भाई को कंपनी में रोजगार देने कार्यवाही की जा रही है। मुआवजा दिलाने में पूर्व पार्षद सीताराम चौहान, अशोक नारंगे, संतोष यादव, अश्वनी, रितेश, सुरेंद्र व कैलाश की प्रमुख भूमिका रही। उन्होंने कहा है कि उनका संगठन मजदूर हित में सदैव काम करता रहेगा।

# नलों में नहीं चढ़ रहा पानी

**कोरबा।** ग्राम दादर के तालाब के निकट बने मोहल्लों में रहने वाले लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानी उठानी पड़ रही है। इन घरों में जो नल लगाए गए हैं उन नलों से पानी नहीं आ रहा है। पानी नहीं चढ़ने के कारण लोग काफी परेशान हैं। पार्षद निधि से इस मोहल्ले में दो बोर कराये गए थे लेकिन मोहल्ले में नल लगने के कारण इन दोनों बोर को हटा दिया गया था। इस क्षेत्र के भाजपा नेता कृष्ण कुमार द्विवेदी ने कहा कि उनके कार्यकाल में यह बोर उन्होंने लगवाया था। बोर लगने के कारण लोगों को पानी पर्याप्त मात्रा में मिल रहा था। मोहल्ले में लगे नल उंची क्षेत्र में होने के कारण पानी नहीं चढ़ पा रहा है। इसके लिए अब पुनः प्रयास करने की जरूरत है। बोर को पुनः लगवाने के लिए अधिकारियों से मुलाकात करेंगे।

# वर्षा जल संचय का काम केवल नारों तक, जमीन पर अलग तस्वीर



**कोरबा।** सदानीरा कही जाने वाली हसदेव के किनारे कोरबा की बसाहट होने से भले ही कृषि भूमि और उद्योगों को उनकी जरूरत का पानी लगातार मिल रहा है लेकिन सबसे बड़ी चुनौती यह बनी हुई है कि शहरी क्षेत्र में ही अनेक स्थानों पर गर्मी के दिनों में जल संकट की स्थिति निर्मित हो रही है। जल स्त्रोतों के रिचार्ज न होने को इसका सबसे बड़ा कारण माना जा रहा है।

शायद यही कारण है कि वर्षाकाल की शुरुआत होने से ठीक पहले एक बार फिर वे सभी कवायदें शुरू की जा रही है जो वर्षा जल संचय पर केंद्रित है। रैन वाटर हार्वेस्टिंग पिट का निर्माण करने के साथ-साथ पुराने मामलों में इनकी अद्यतन स्थिति सुनिश्चित करने पर जोर दिया जा रहा है। नगरीय निकायों को जिम्मा दिया गया है कि सभी प्रकार के निर्माण कार्यों के नक्शों को स्वीकृत करने से पहले उनमें रैन वाटर हार्वेस्टिंग पिट को शामिल किया जाए। इसके लिए कई मामलों में निगम राशि भी वसूल करता है। बीते कई वर्षों में निगम ने खुद मुख्य मार्गों के आसपास इस प्रकार की संरचना तैयार कराई है जो बेमतलब साबित हो रही है। इससे मंशा का पता चलता है।

## खदान क्षेत्र में मटके रखने की मांग

**कोरबा।** भारतीय कोयला खदान मजदूर संगठन गेवरा प्रोजेक्ट के वीरेंद्र राठौर व कुलदीप कुमार के नेतृत्व में एक प्रतिनिधि मंडल ने अधिकारियों से मुलाकात की है। उन्होंने ज्ञापन सौंपते हुए मांग की है कि खदान क्षेत्र में लोगों को पेयजल के लिए काफी परेशानी हो रही है। खासकर उन स्थानों पर जहां ठेका मजदूरों से काम कराये जा रहे हैं। उन स्थानों पर पानी से भरे मटके रखने की आवश्यकता है। इसी तरह कालोनी के कई ऐसे क्षेत्र हैं।

# ठेका मजदूरों को संगठित करने का काम हो रहा सीएसईबी में

**कोरबा।** सीएसईबी दर्री क्षेत्र में असंगठित मजदूरों को एक मंच पर लाने का प्रयास काफी दिनों से बिजली कर्मचारी संघ के मदन मोहन पांडेय के द्वारा किया जा रहा है। इन्होंने एचटीपीपी दर्री के असंगठित मजदूरों को जोड़ लिया है और उनको पीएफ राशि सहित अन्य मांगों को लेकर लगातार संघर्ष भी कर रहे हैं। यहां पर कई ऐसे कंपनियां हैं जो समय पर ठेका मजदूरों को वेतन नहीं देता है। इसके अलावा सरकार के द्वारा निर्धारित वेतनमान को देने में ठेकेदार के द्वारा आनाकानी की जाती है। इलाज के लिए भी ठेका मजदूरों को पैसे नहीं मिलते हैं। असंगठित मजदूरों को संगठित करने में राष्ट्रीय सचिव आर.एस. जायसवाल, वी.वेंकटराव, अजय मिश्रा, केदार राठौर, हेतराम खूंटे भी सहयोग कर रहे हैं।

# तंबाकू से जिंदगी को खतरा, नाटक से बताया छात्रों ने



**कोरबा।** तम्बाकु के विषैले प्रभाव एवं भावी पीढ़ी की इसमें संलग्नता से उत्पन्न समाजिक, पारिवारिक एवं राष्ट्रीय खतरे से लोगों को आगाह करने एवं बच्चों को इसकी लत से दूर रखने के उद्देश्य से दीपका स्थित इंडस पब्लिक स्कूल में विष्व तम्बाकु निषेध दिवस पर विशेष आयोजन किया गया जिसमें विविध गतिविधियों के द्वारा यह बताया गया कि किस प्रकार तम्बाकु वनस्पतीय पदार्थ होते हुए भी हमारे लिए जानलेवा है। बच्चों द्वारा एक आकर्षक नाटिका का मंचन कर यह दर्शाया गया कि तम्बाकु केवल हमारे स्वास्थ्य को नही अपितु हमारे संस्कारों को भी खत्म कर रहा है। खैनी , गुटखा, जर्दा खाकर अनुचित जगहों पर थूकना गंदगी फैलाना हमारे संस्कारों को खत्म कर रहा है। और हम जैसे कर रहे हैं, हमें देखकर बच्चे भी नहीं सीख रहें है। बच्चों ने फेस पेंटिंग के माध्यम से भी जान सामान्य को जागरूक करने का प्रयास किया।कार्यक्रम में विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक एवं स्टाफ एवं सभी बच्चों ने तम्बाकु पदार्थों का सेवन न करने और लोगों को भी इनके सेवन से रोकने का संकल्प लिया।

इस अवसर पर विद्यालय प्राचार्य डॉ. संजय गुप्ता ने अपने उद्बोधन में कहा कि चिंता को मिटाने के लिए किया गया सिगरेट का सेवन हमें चिता तक पहुँचाती है। आज हमारे देश का भविष्य तम्बाकु के भयानक प्रभाव में समा चुका है। हमें आवश्यक जरूरत है इन बच्चों को इससे दूर रखने की। बच्चों के सामने भूल से भी सिगरेट गुटखा आदि का सेवन ना करें। बच्चों को सही मार्ग पर लाने के लिए आवश्यक है पहले स्वयं अपना मार्ग बदलें। विश्व स्वास्थ्य संगठन के सदस्य राज्यों ने तम्बाकू महामारी और इसके कारण होने वाली रोकथाम योग्य मृत्यु और बीमारी पर वैश्विक ध्यान आकर्षित करने के लिए 1987 में विश्व तम्बाकू निषेध दिवस मनाया। किसी भी प्रकार के नशे से हमें तन, मन और धन सभी प्रकार की हानि होती है। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि हमारा स्वास्थ्य ही सबसे बड़ा धन है। यदि हम स्वस्थ हैं तो हम समाज और देश के लिए भी अपना सकारात्मक योगदान दे सकते हैं। नशा नाश की जड़ है। हमें सदा इससे दूर रहना चाहिए। तम्बाकू के सेवन से हमें कई घातक और गंभीर बीमारियां होती हैं। ये जानते हुए भी लोग इस नशे की गिरफ्त में हैं। हमें लोगों को जागरूक करके इस नशे को जड़ से खत्म करने हेतु प्रण लेना होगा। हमें यह कभी नहीं भूलना चाहिए कि एक स्वस्थ समाज ही स्वस्थ व विकसित राष्ट्र हेतु संजीवनी का कार्य करता है और राष्ट्र के नागरिक ही स्वस्थ रहकर राष्ट्र की उन्नति में सहायक होते हैं।

# ध्वनि, धूल और धुआं के कुहासे ने आफत में डाला जनजीवन

## कोयलांचल में वर्षों बाद भी हालात यथावत

**कोरबा।** अगले सप्ताह दुनिया के साथ देश का बड़ा औद्योगिक शहर कोरबा विश्व पर्यावरण दिवस मनायेगा। तब भी उसके सामने प्रदूषण से जुड़ी कई समस्याएं होगी, जिन पर वर्षों बाद भी कोई खास सुधार नहीं हो सका है और न ही इसके लिए कोई काम हुआ है। कोरबा नगर के साथ-साथ कोलफील्ड्स का जनजीवन ध्वनि, धूल और धुआं से होने वाले प्रदूषण से बेजार है। इसकी बड़ी कीमत क्षेत्र की जनता चुका रही है। लोगों की जेब का काफी रूपया श्वसन संबंधी बीमारियों के समाधान पर जाया हो रहा है।

## बारिश में परेशानी बढ़ सकती है अपशिष्ट से

**कोरबा।** समय से पहले मुड़ापार एसईसीएल बेरियर के किनारे मुर्गी दुकानों के अपशिष्ट को नहीं निपटाया गया तो बारिश में यह जन स्वास्थ्य के लिए परेशानी बढ़ा सकता है। इस मौसम में अपशिष्ट को फेंकने और जलाने से उठने वाली दुर्गंध आसपास की आबादी को परेशान कर रही है।

ऊं नमः शिवाय
प्लाट बेचना है
टी.पी.नगर कोरबा के बीचोबीच बड़ा प्लाट बिक्री हेतु उपलब्ध है।
-संपर्क करें-
प्रापर्टी डीलर
62681-46606







स्वामी कौशल किशोर मिश्र की ओर से प्रकाशक, मुद्रक सुभाष अग्रवाल द्वारा आकाश आफसेट प्रिंटर्स से मुद्रित कर तिलक मार्ग, ट्रांसपोर्ट नगर, कोरबा से प्रकाशित, संपादक सुभाष अग्रवाल फोनः 221149, मो. : 9425224167 आर.एन.आई. पंजी. नं. 50254/89, ई-मेल tarunpresskrb@gmail.com